
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhunikSamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5


सिनेमाः-ये हैं साल 2022 के टॉप 10 ओपनिंग वीकेंड

वर्ष -08 अंक -166 | प्रयागराज, बुधवार, 14 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन को भेजी गई रूसी सैन्य विमान की तस्वीरें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मास्को।** रूस के सैन्य हथियारों की तस्वीर यूक्रेन तक पहुंच रही है। इसके पीछे यहां के एविएशन फैक्ट्री के टाप मैनेजर का हाथ बताया जा रहा है और इस क्रम में उन्हें हिरासत में भी ले लिया गया है। ऐसा बताया जा रहा है



कि मैनेजर ने रूसी एयरक्राफ्ट से तस्वीरें लीं और यूक्रेन में सप्लाई की है जिसके लिए उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा चुका है। फरवरी से अब तक जारी है जंग इस साल फरवरी के अंत में शुरू हुआ रूस और यूक्रेन के बीच का जंग अब तक जारी है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा का ममता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### सुवेंदु अधिकारी समेत हिरासत में लिए गए कई नेता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने आज नबनन चलो अभियान का आह्वान किया है। इसे लेकर राज्य में सियासत जगहों पर छापेमारी कर रही है। सीबीआई दिल्ली-गाजियाबाद समेत 33 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। वहीं, सिकंदराबाद हादसे के बाद आग लगने वाली इमारत और लॉज के मालिक



तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल में जगह-जगह पुलिस ने नबनन चलो अभियान में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में एसआई भर्ती घोटाले में सीबीआई की टीम देशभर में कई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। साथ ही इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के मालिकों और लॉज के मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है।

## बाबा साहेब आंबेडकर के नाम पर हो नये संसद का नाम, तेलंगाना सरकार ने की पीएम मोदी से अपील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानमंडल ने मंगलवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें केंद्र से भारतीय संविधान के निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर के नाम पर नए संसद भवन का नाम रखने का आग्रह किया गया। राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों ने तेलंगाना राष्ट्र समिति (ऊंए) सरकार द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव पारित किया। उदयोग, सूचना प्रौद्योगिकी, नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास मंत्री के टी रामाराव ने सदन में प्रस्ताव पेश किया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) और कांग्रेस पार्टी ने प्रस्ताव का पूरा समर्थन किया। बीजेपी विधायक सदन में मौजूद नहीं थे। स्पीकर पी. श्रीनिवास रेड्डी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित करने की घोषणा की।



प्रस्ताव पेश करते हुए के टी रामाराव ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की महानता के बारे में बात की। मंत्री ने कहा कि अंबेडकर ने देश को दिशा दिखाई और नए संसद भवन का नाम रखने के लिए उनसे बेहतर कोई व्यक्ति नहीं था। रामा राव ने कहा कि अंबेडकर सामाजिक न्याय, लोकतंत्र की महानता और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। उन्होंने याद किया कि अंबेडकर ने सभी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी और समानता में दृढ़ विश्वास रखते थे। टीआरएस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी और नेता केसीआर ने 14 साल के लंबे संघर्ष के बाद तेलंगाना राज्य हासिल करने के लिए अंबेडकर के सिद्धांतों का पालन किया। उन्होंने कहा कि अगर भारत के संविधान में अनुच्छेद 3 नहीं होता, तो कोई नया राज्य नहीं होता। केटीआर ने कहा कि अंबेडकर ने लोकतंत्र को पूर्व और सरकार की पद्धति के रूप में परिभाषित किया है जिससे लोगों के आर्थिक और सामाजिक जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन बिना रक्तपात के लाए जाते हैं। कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क और एआईएमआईएम सदस्य अहमद बलाला ने प्रस्ताव का समर्थन किया। सोमवार को विधानसभा में बोलते हुए, विक्रमार्क ने सीएम केसीआर से विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया था जिसमें केंद्र से अनुरोध किया गया था कि नए संसद भवन का नाम डॉ. बी.आर. अंबेडकर के नाम पर हो।

## सीबीआई की 33 ठिकानों पर तलाशी, सीआरपीएफ अधिकारियों के परिसर में भी छापेमारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर पुलिस भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने मंगलवार को कार्रवाई की है। सीबीआई की टीम देशभर में कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। भर्ती घोटाले के सिलसिले में अलग-अलग राज्यों में 33 जगहों पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों पर सर्च अभियान चलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भर्ती घोटाले के मामले में सीबीआई द्वारा की गई तलाशी का यह दूसरा दौर है। सीबीआई ने मामले में केस दर्ज करने के बाद 5 अगस्त को कहा था, 'प्रशासन के अनुरोध पर जम्मू-कश्मीर पुलिस में एसआई के पदों के लिए 27 मार्च 2022 को लिखित परीक्षा में अनियमितताओं के आरोप



ने बताया कि जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) के पूर्व अध्यक्ष खालिद जहांगीर के परिसर पर भी सीबीआई ने छापा मारा है। इसके अलावा जेकेएसएसबी के परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार के परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है।समाचार एजेंसी के मुताबिक, जम्मू, श्रीनगर, हरियाणा के करनाल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी के अलावा गांधीनगर, गाजियाबाद, बेंगलुरु, यूपी और दिल्ली समेत 33 ठिकानों में 33 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। परीक्षा का आयोजन जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जेकेएसएसबी) की ओर से किया गया था।' सीबीआई ने आगे कहा, 'ऐसा आरोप था कि आरोपी ने जेकेएसएसबी, बेंगलुरु स्थित निजी कंपनी, लाभार्थी उम्मीदवारों और अन्य के साथ मिलकर घोटाले की साजिश रची और लिखित परीक्षा के दौरान भारी अनियमितताएं की। ये भी आरोप है।

## ज्ञानवापी केस में आदलत के फैसले पर आया ओवैसी का रिएक्शन, कही यह बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** वाराणसी की जिला अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले की सुनवाई पर सवाल उठाने वाली मुस्लिम पक्ष की



याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि वह पूजा का अधिकार की मांग वाली याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी। एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अदालत के इस फैसले पर कहा कि इस विवाद में दिए गए आदेश से 'अस्थिरकारी प्रभाव' पड़ेगा क?योंकि यह मामला बाबरी मस्जिद मुद्दे की तरह ही चल रहा ह ओवैसी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि हम बाबरी मस्जिद मुद्दे के रास्ते पर ही आगे बढ़ रहे हैं। जब बाबरी मस्जिद पर फैसला दिया गया था, तो मैंने आगाह किया था कि इससे देश में समस्याएं पैदा होंगी क्योंकि यह फैसला आस्था के आधार पर दिया गया है। इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की जानी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी इस आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत का रुख करेगी। मेरा मानना है कि इस आदेश से पूजा स्थल कानून 1991 की अहमियत खत?म हो जाएगी। ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन (ज्ञेप्हल् ऐर्फ्ह्ेर्ि बेह) ने कहा- कोर्ट ने हमारी बहस को मान लिया है। मुस्लिम पक्ष के आवेदन को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि याचिका सुनवाई योग्य है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। वहीं याचिकाकर्ता सोहन लाल आर्य ने कहा- यह फैसला हिंदू समुदाय की जीत है। आज का दिन ज्ञानवापी मंदिर के लिए शिलान्यास का दिन है। हम लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हैं। सनद रहे इससे पहले, हिंदू पक्ष ने कहा था कि यदि फैसला उनके पक्ष में आता है तो वे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) सर्वेक्षण और 'शिवलिंग' की कार्बन डेटिंग की मांग करेंगे। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि हम एएसआई सर्वेक्षण, शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग करेंगे। मालूम हो कि पांच महिलाओं ने याचिका दायर की थी, जिसमें उन देवी देवताओं की दैनिक पूजा की अनुमति मांगी गई थी जिनकी मूर्तियां ज्ञानवापी की बाहरी दीवार पर स्थित हैं।

## उग्रवादी संगठनों से बातचीत के बीच अमित शाह ने की नगा समूहों से मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को विभिनन्न नगा समूहों के राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार की कोशिश शांतिपूर्ण और समृद्ध पूर्वोत्तर बनाने की है। मुलाकात के बाद गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र सरकार की कोशिश पर चर्चा की गई। प्रवक्ता ने बताया कि नगा मुद्दे पर चल रही बातचीत में गत कई सालों में प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि चूंकि वार्ता चल रही है, ऐसे में वार्ता के दौरान विभिनन्न मुद्दों पर किसी संभावित समाधान को लेकर खबर कयास ही होंगी। गौरतलब है कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में तीन अगस्त 2015





एनएससीएन-आइएम (नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल आफ नगालैंड-आइएम) जैसे समूहों के साथ चल रही वार्ता के दौरान आए कई जटिल मुद्दों का समाधान इस तरह करने की है ताकि निष्कर्ष से सभी पक्ष संतुष्ट रहें। उन्होंने इसके साथ ही वार्ता के लिए किसी तरह के कयास को लेकर आगाह किया। प्रवक्ता ने ट्वीट किया कि गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व में आए नगा समूहों के विभिन्न राजनीतिक नेतृत्व के साथ मुलाकात की और इस दौरान विभिन्न मुद्दों में अहम समूह एनएससीएन-आइएम के साथ मसौदा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। हाल में ही एनएससीएन-आईएम समूह के अलग संविधान और अलग झंडे की मांग को केंद्र ने खारिज कर दिया था। सरकार संघर्ष विराम समझौते में प्रवेश करने के बाद एनएससीएन के विभिन्न समूहों से शांति वार्ता कर रही है। इसमें एनएससीएन-एनके, एनएससीएन के-खांगो, एनएससीएन-आर और एनएससीएन (के) निकी शामिल हैं।

## नीतीश कुमार को अब दमन और दीव में बड़ा झटका

### जदयू की पूरी इकाई भाजपा में हुई शामिल; 15 पंचायत सदस्य का भी विलय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने जनता दल-यूनाइटेड को एक और झटका दिया है।नीतीश कुमार को चुना, जिससे उन्हीं के नेता अब नाराज हैं। ट्वीट के जरिए भाजपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जेडीयू ने राजद के साथ जाकर बाहुबलियों बयान के अनुसार, ख. जायकिशन सिंह, नगुरसंगलूर सनाटे, मोहम्मद अचब उद्दीन, थंगजाम अरुणकुमार और एलएम खौटे सत्तारूढ़ दल






की पार्टी की दमन और दीव इकाई का सोमवार को भाजपा में विलय हो गया। दमन और दीव के जदयू के 17 जिला पंचायत सदस्यों में से 15 और राज्य जदयू की पूरी इकाई आज भाजपा में शामिल हो गई। नेताओं ने यह कदम नीतीश कुमार के भाजपा छोड़ने के फैसले के खिलाफ उठाया है। भाजपा का कटाक्ष- बाहुबली चुनने का असर भाजपा ने ट्वीट कर निशाना साधा कि बिहार में हमने विकास को गति दी थी लेकिन जेडीयू ने 'बाहुबली' का साथ दिया है, वहीं भाजपा राज्य का विकास कर रही थी।कुछ दिनों पहले ही अरुणाचल प्रदेश में जदयू के एक बड़े विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और हाल ही में मणिपुर के 7 में से 5 विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया था। जनता दल (यूनाइटेड) के पांच विधायकों का पिछले सप्ताह भाजपा पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की उपस्थिति में सत्तारूढ़ दल भाजपा में विलय हो गया था। मणिपुर विधानसभा सचिवालय के एक भाजपा में शामिल हो गए हैं।घटनाक्रम से वाकिफ लोगों का कहना है कि हाल ही में बिहार में जो कुछ हुआ, उसके बाद भाजपा ने जदयू पर पलटवार करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ने के बाद इस महीने की शुरुआत में राजद और अन्य दलों के साथ सरकार बनाई थी। मुख्यमंत्री और राजद से उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने 10 अगस्त को शपथ ली थी।

## रूस पर भारी पड़ रही है यूक्रेन की सेना, दोबारा किया 6000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र पर कब्जा

**कीव ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि इस महीने की शुरुआत से अब तक यूक्रेन की सेना ने युद्धग्रस्त देश के 6,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को रूसी सेना से मुक्त करा लिया है। अपने एक वीडियो संबोधन में, राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा, 'सितंबर की शुरुआत से, हमारे सैनिकों ने पूर्व और दक्षिण में 6,000 वर्ग किमी से अधिक यूक्रेनी क्षेत्र को मुक्त करा दिया है। हमारे सैनिक आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने 57वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड को धन्यवाद दिया, जो पूर्व में भारी लड़ाई से उबर चुकी है और दक्षिणी मोर्चे पर बड़े साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। वहीं 59वीं अलग मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड, जो कठिन, खुले इलाके और रूसी तोपखाने की आग के बावजूद लगातार आगे बढ़ रही है। इसके



अलावा 128 वीं अलग माउंटेन असॉल्ट ब्रिगेड, जिसने कई बस्तियों को मुक्त कर दिया है और रूसी सैनिकों की इकाइयों को प्रभावी ढंग से बेअसर कर दिया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यूक्रेन के किन शहरों और गांवों को रुस सैना से मुक्त कराया गया है। राष्ट्रपति की टिप्पणी यूक्रेन द्वारा रूसी कब्जे वाले क्षेत्रों को फिर से लेने के लिए शुरू किए गए जवाबी हमले के बीच आई है। जेलेंस्की ने 8 सितंबर को कहा था कि यूक्रेनी सेना ने 1,000 वर्ग किमी क्षेत्र वापस ले लिया है, लेकिन रविवार तक यह आंकड़ा तीन गुना बढ़कर 3,000 वर्ग किमी हो गया।रूस ने स्वीकार किया है कि उसने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख शहरों बालाक्लिया, इजीयम और कुपियांस्क को खो दिया है। रूस का अभी भी यूक्रेन के लगभग पांचवें हिस्से पर नियंत्रण है। मॉस्को ने हाल के दिनों में इस क्षेत्र से अपनी सेना की वापसी को यूक्रेन के पूर्व में लुहान्स्क और डोनेट्स्क क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से 'पुनर्गठन' के रूप में वर्णित किया है। हालांकि यूक्रेनी सैनिक आगे बढ़ रहे थे।

## एकनाथ शिंदे ने उद्धव खेमे पर बोला हमला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि देशद्रोहियों के स्थान पर मोदी-शाह का मोहरा बनना ज्यादा अच्छा है। उन्होंने कहा कि याकूब मेमन के प्रति सहानुभूति रखने की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 'मोहरा' कहलाना ज्यादा बेहतर है जिन्होंने देश हित में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को खत?म कर दिया। मालूम हो कि याकूब मेमन को साल 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में दोषी करार दिया गया था जिसके बाद साल 2015 में उसे फांसी दे दी गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राकांपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आजकल मेरे लिए दो शब्दों का उपयोग ज्यादा किया जा रहा है। एक खोखा (करोड़), दूसरा गद्दार। जबकि, 2019 का विधानसभा चुनाव शिवसेना-भाजपा ने गठबंधन करके लड़ा था। बैनरों पर एक तरफ पीएम मोदी की तो दूसरी तरफ बालासाहब ठाकरे की तस्वीर लगाई गई थी। लेकिन चुनाव परिणाम के आते ही मतदाताओं से विश्वासघात कर उन्हीं लोगों के साथ सरकार बना ली गई, जिनके विरुद्ध चुनाव लड़ा गया था। शिंदे ने कहा कि आत्मपरीक्षण करने की आवश्यकता है कि जनता के साथ विश्वासघात और गद्दारी किसने की। वह सोमवार को औरंगाबाद के पैठण में शिवसेना के अपने गुट की एक बड़ी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना कहा कि उन्होंने बालासाहब के विचारों को डुबोया, हिंदुत्व को डुबोया।



# सिपाही के अलग-अलग पोज का वीडियो वायरल प्रयागराज के एसएसपी ने सीओ को सौंपी जांच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर अब प्रयागराज जिले के एक और सिपाही का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें सिपाही हाथ से गोली



चलाने जैसा इशारा करते हुए बाइक से चला रहा है। उसके अलग-अलग पोज भी हैं। हाथ में टैटू गुदवा कर कई तरह कई अंदाज में करतब दिखा रहा है। इसके पूर्व फिल्?मी डायलाग के आधार पर एक सिपाही ने वीडियो बनाया था। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसएसपी ने निलंबित कर दिया था। प्रयागराज के हंडिया थाने में तैनात सिपाही का बताया जा रहा वीडियो उल्लेखनीय है कि अब जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, वह प्रयागराज जिले के गंगापार स्थित हंडिया थाने क्षेत्र में तैनात सिपाही का बताया जा रहा है। वीडियो के आधार पर एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने मामले की जांच सीओ हंडिया को सौंपी है। साथ ही उन्होंने मातहतों को सख्त निर्देश भी दिए हैं की ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी पीआरवी का सिपाही निलंबित हो चुका है : बता दें कि इससे पहले प्रयागराज शहर में अतरसुइया थाने के मीरापुर चौकी के बाहर सिपाही रमेश कुमार का वीडियो बना था, जिसमें वह फिल्मी डायलाग के आधार पर वीडियो बनवाया था। वीडियो वायरल होने के बाद पीआरवी के सिपाही रमेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इसके बावजूद पुलिसकर्मियों के बीच इंटरनेट मीडिया पर वीडियो बनाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

# अनेकता में एकता का संदेश लेकर निकले जवान

**( आधुनिक समाचार सेवा )**

**प्रयागराज। अनेकता में एकता को लेकर लोगों में जागरुकता फैलाने के मकसद से शिलांग से दिल्ली के लिए एक सितंबर को निकली बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की मोटरसाइकिल रैली मंगलवार को प्रयागराज से रवाना हुई। एसएसपी शैलेश पांडेय ने फाफामऊ सीआरपीएफ कैंप से हरी झंडी दिखाकर जवानों को रवाना किया। इस दौरान जवानों ने स्कूली बच्चों से संवाद किया और भिन्न-भिन्न संस्कृति, परंपरा और धर्म के बावजूद एकता को समेटे भारत की खूबियां गिनाई।**



# ठेकेदार ने क्षतिग्रस्त किया बिजली आपूर्ति का तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** मेयोहाल डिवीजन के तहत आने वाले सिविल लाइन्स फीडर के पास भूमिगत तार को पीडीए के ठेकेदार ने क्षतिग्रस्त कर दिया जिसकी वजह से इलाके में काफी देर तक आपूर्ति बाधित रही। विभागीय इंजीनियरों की टीम ने भोर में करीब पांच बजे पहुंचकर दूसरे फीडर से आपूर्ति शुरू करवाई। ताशकंद मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पीडीए का ठेकेदार कर्मचारियों से अंडरग्राउंड सर्विस लाइन का काम करवा रहा था। इस दौरान रात करीब दो बजे बिजली विभाग की ओर से बिछाए जा रहे अंडरग्राउंड केबल क्षतिग्रस्त हो गया। इससे सिविल लाइन्स में 11केवी फीडर से आपूर्ति बाधित हो गई। घटना के काफी देर बाद मौके पर पहुंचकर विभागीय इंजीनियरों और कर्मचारियों ने दूसरे फीडर से आपूर्ति शुरू करवाई। क्षतिग्रस्त केबल का मरम्मत कार्य अभी किया जा रहा है।



# नगर-निगम में कल गूंजेगा बढ़े गृहकर, परिसीमन का मुद्दा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** नगर निगम कार्यकारिणी की बुधवार को बैठक में बढ़े गृहकर और परिसीमन को लेकर हंगामे की आशंका है। दोपहर 12 बजे से सदन कक्ष में प्रस्तावित बैठक नवरात्र और दुर्गापूजा की तैयारियों के सिलसिले में बुलाई गई है, लेकिन कार्यकारिणी सदस्य चालू वित्तीय वर्ष से एक लाख से अधिक मकानों के बढ़े गृहकर पर आक्रोशित हैं। सदस्यों ने बताया कि निकाय चुनाव के ठीक पहले नगर निगम ने भवनस्वामियों पर बोझ डाल दिया। कई पूर्व पार्षद मनमानी गृहकर बढ़ाने का आरोप लगाते हुए इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं। कार्यकारिणी की बैठक में बढ़े गृहकर की वसूली स्थगित करने की मांग उठेगी। इसी प्रकार वार्डों के परिसीमन में गड़बड़ी का आरोप लगा रहे हैं।

# मोथा घास में औषधीय गुण, आंखों की बीमारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** मोथा घास के बारे में जानते हैं न जी हां यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है। खेत में तमाम पौधे अपने आप उग आते हैं। इनमें से एक है मोथा घास का पौधा है। मोथा घास का औषधीय गुण बहुत ज्यादा है। आंखों की बीमारी, खांसी, उल्टी रोकने, कुष्ठ



रोग और बुखार में यह लाभकारी है। यह घास नशा को तुरंत उतारने में भी काफी कारगर सिद्ध होती है। ऐसा कृषि वैज्ञानिक कहते हैं। कृषि वैज्ञानिक ने बताए फायदे : कृषि वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह का कहना है कि जिन खेतों में 12 महीने फसल उगती है, वहां गमिर्यों में भी लगातार सिंचाई होती है। खेत में हर समय नमी बनी रहने से तमाम पौधे अपने आप उगते हैं। इनमें मोथा घास के साथ ही अन्य प्रजातियों के पौधे हैं। मोथा घास का औषधीय गुण बहुत ज्यादा है। आंखों की बीमारी, खांसी, उल्टी रोकने, कुष्ठ रोग और बुखार में यह लाभकारी है। यह घास नशा को तुरंत उतारने में भी काफी कारगर सिद्ध होती है। इसका उपयोग ज्यादातर काढ़ा के रूप में ही किया जाता है।ब्राह्मी पौधे को बुद्धि और उम्र को बढ़ाने वाला माना गया है : कृषि वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह कहा कि सोमवल्ली के सेवन से शरीर का कायाकल्प हो सकता है। कहा तो यहां तक जाता है कि देवी-देवता व मुनि इस पौधे के रस का सेवन अपने को चिरायु बनाए रखने, बल, सामर्थ्य और समृद्धि प्राप्त करने के लिए करते थे। तेलिया कंद इसकी जड़ों से तेल का रिसाव होता रहता है। माना जाता है कि यह पौधा सोने के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ब्राह्मी को बुद्धि और उम्र को बढ़ाने वाला माना गया है। ब्राह्मी तराई वाले स्थानों पर उगती है। यह बुखार, स्मृतिदोष, सफेद दाग, पीलिया, प्रमेह और खून की खराबी को भी दूर करती है। खरपतवारनाशी के प्रयोग से लाभकारी जड़ी-बूटियां नष्?ट हो रही : कृषि वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बदलते परिवेश में खरपतवारनाशी का प्रयोग बढ़ गया है।

# माफिया ने बना दिया ससुर खदेरी नदी पर अवैध पुल, अब उसे ढहाने के लिए पीडीए करेगा सर्वे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** ससुर खदेरी नदी पर बने अवैध पुल को ढहाने के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने



तैयारी तेज कर दी है। अवैध प्लाटिंग को बढ़ावा देने के लिए बिल्डरों द्वारा मनमाने तरीके से तैयार किए गए पुल को ढहाने के लिए पीडीए की टीम 10 दिनों के भीतर पांचवीं सर्वे करेगी। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार इस पुल को ढहाने पर अंतिम निणर्य होगा। झलवा क्षेत्र में बिल्डरों ने ससुर खदेरी नदी पर 25 फीट से अधिक लंबा पुल कर निर्माण पांच वर्ष पहले किया था। इससे नदी का दायरा तो कम हुआ ही। अवैध प्लाटिंग भी नदी के पार जोरों से होने लगी। वर्षा के दौरान अक्सर इस पुल के कारण आसपास के इलाकों में जलभराव हो जाता है। जलभराव की समस्या को समाप्त करने और अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लगाने के लिए इस पुल को ढहाने की तैयारी की जा रही है। अवैध पुल के निर्माण का मामला शासन तक भी पहुंच चुका है। पीडीए के विशेष कार्य अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि पुल का सर्वे किया जा रहा है। जल्द ही इसके ढहाने या न ढहाने को लेकर निर्णय हो जाएगा।

# गऊघाट स्थित झोपड़पट्टी के गरीब बच्चों को कपड़े कॉपीकिताब इत्यादि सामाग्री दान किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** श्रीनिवासा रामानुजन पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस तथा लायंस क्लब इलाहाबाद अशोक के संयुक्त कार्यक्रम के अनुसार गऊघाट स्थित झोपड़पट्टी में लगभग 3000 नए व पुराने कपड़े बांटे गए साथ ही साथ लगभग 600 कॉपीकिताब इत्यादि गरीब बच्चों के बीच दान में दिए गए स्कूल से 20 विद्यार्थी एवं 4 शिक्षक सेवा कार्य मैं अति उत्साह के साथ सम्मिलित थे स्कूल के संस्थापक के जन्मदिन के उपलक्ष में सारे विद्यार्थियों द्वारा कपड़े कॉपी किताब इत्यादि एकत्र कर दान दिए गए मलिन बस्तियों में वहां के निवासियों ने धैर्य और संयम का परिचय देते हुए बहुत ही सरलता से वितरण कार्य करने में मदद भी की स्कूल प्रबंधन ने पितृपक्ष में कपड़े को दान में देकर स्कूल के संस्थापक के स्मृति में उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया वहां पर उपस्थित गरीब बच्चों के बीच अपने हाथों से सेवा करते हुए श्रीनिवासा पब्लिक स्कूल की विद्यार्थियों ने महसूस किया कि अभी भी समाज में गरीबी रेखा के नीचे मलिन बस्ती में कैसे लोग जीवन यापन करते हैं स्कूल से प्रतिनिधिमंडल की संचालिका रोजलीन फिलिप ने गरीब बच्चों को नैतिक शिक्षा का ज्ञान देते हुए पढ़ाई लिखाई को अधिक महत्व देने के लिए कहा वहां पर बच्चों को लायंस क्लब के द्वारा पर्यावरण पर तथा सफाई पर बल देते हुए शिक्षित किया गया मलिन बस्ती में छोटे-छोटे बच्चों को सालों से नियमित शिक्षा देने वाली संचालिका एवं अध्यापक उषा जी ने अपना पूर्ण सहयोग देकर वितरण कार्य को संपन्न कराया छोटे-छोटे बच्चे कपड़े पाकर खुशी से झूम उठे उन्होंने अपनी जिंदगी में इतने सारे एक साथ कपड़े कभी नहीं देखे थे सभी बच्चों को किताब कॉपी शिक्षिका ने देकर पढ़ाई लिखाई के प्रति रुचि पैदा करने की कोशिश की लायंस क्लब की ओर से बहुत सारे सदस्य उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रुप से एरिया जीएसटी कोऑर्डिनेटर धीरेंद्र मिश्रा रीजन चेयरपर्सन अनिल टंडन एवं रेनबो के क्लब अध्यक्ष गौरव जी रहे स्कूल की तरफ से कार्यक्रम सहसंयोजक अध्यापिका रोजलीन फिलिप्स सलोनी सीडाना ऋषभ कुमार एवं सचिन धवन तथा स्कूल के प्रधानाध्यापिका जो इतने बड़े कार्यक्रम की सूत्रधार जिन्होंने बच्चों से कपड़े एकत्र कर सेवा कार्य स्थल तक पूरी टीम के साथ भिजवाया कार्यक्रम के अंत में लायन धीरेंद्र मिश्रा ने पूरे स्कूल की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा वहां पर उपस्थित बालू विक्रेता एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों की संचालिका उषा जी को सहयोग के लिए भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।








(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें उद्योग बंधुओं से संबंधित समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण संबंधित जानकारी भी ली।

# चंदौली में कालेज के बाहर छात्रों के बीच मारपीट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**चंदौली।** बबुरी स्थित अशोक इंटर कालेज के बाहर बुधवार को दो छात्र आपस में भिड़ गए। इसी दौरान बीचबचाव करने गए एक छात्र के चाचा पर दूसरे छात्र ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। घटना से वहां अफरातफरी मच गई। लहूलुहान हालत में युवक को स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक के शरीर पर कुल 11 जगह चोट के निशान हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उधर बबुरी पुलिस जांच में जुटी है। अशोक इंटर कालेज में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच पिछले कई दिनों से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

# जनपद प्रयागराज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पैदल गश्त लगाती रही प्रयागराज पुलिस



(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।**जनपद प्रयागराज में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय द्वारा थाना सिविल लाइन्स पुलिस बल के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की गयी। दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय द्वारा थाना सिविल लाइन्स पुलिस बल के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की गयी।

# मऊ से बसपा सांसद अतुल राय की न्यायिक रिमांड मंजूर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**वाराणसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / एमपी-एमएलए कोर्ट उज्जवल उपाध्याय की अदालत ने मंगलवार को नैनी सेंट्रल जेल में



बंद बसपा सांसद अतुल राय के खिलाफ लगभग एक घंटा की दलीलें सुनने के बाद अंततः दुष्कर्म पीड़िता व गवाह को जाने देने के लिए उकसाने के मामले में न्यायिक रिमांड मंजूर कर ली। रिमांड के दौरान सांसद की नैनी जेल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से पेशी हुई। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रपत्रों के अवलोकन से यह प्रतित होता है कि थाना हजरतगंज लखनऊ में पुलिस महानिदेशक द्वारा गठित टीम की जांच के बाद पूर्व आइपीएस अमिताभ ठाकुर और अतुल राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सीओ अमरेश सिंह बघेल के द्वारा थाना लंका में अतुल राय के खिलाफ दर्ज मुकदमे में अविधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अपूर्ण व निराधार अभिलेखों की रचना की गई है।ऐसे में दोनों प्रथम सूचना रिपोर्ट अलग-अलग सम व्यवहार से होना दिखाई देता है। ऐसे में आरोपित की न्यायिक रिमांड आइपीसी की धारा 193, 218, 219, 306, 120 बी के तहत स्वीकृत की जाती है। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 27 सितंबर तय करते हुए आरोपित सांसद को वीसी के जरिए पेश होने का आदेश दिया है। इसके पूर्व आरोपित के अधिवक्ता अनुज यादव ने आपत्ति में दुष्कर्म मामले में बरी होने के निणय और लखनऊ के हजरतगंज थाने में दर्ज है।

# सुभासपा में अंदरूनी कलह के बीच 'सावधान यात्रा' की तैयारी, ओमप्रकाश राजभर पूर्वांचल में करेंगे 17 महारैली

(आधुनिक समाचार सेवा)

**वाराणसी।** खो रहे जनाधार को हासिल करने में जुटी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के बीच अब पार्टी को टूट से बचाने के लिए अपना जनाधार बनाने के लिए ओमप्रकाश राजभर भी सक्रिय हो गए हैं। बिहार में पार्टी का जनाधार



बढ़ाने की कोशिश कर रहे राजभर अब बिहार में सियासी कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद अब दोबारा अपने जनाधार वाले क्षेत्र पूर्वांचल में सक्रिय हो गए हैं। दरअसल पार्टी से नाराज चल रहे महेंद्र राजभर नवरात्र में नई पार्टी गठित करने जा रहे हैं। ऐसे में पार्टी नए सिरे से खुद को सशक्त करने की तैयारी में जुट गई है। सोमवार को मऊ जिले में विभिन्न जगहों पर जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर जनता से संवाद किया और 18 अक्टूबर 2022 को लाखीपुर मंदिर घोसी में लोगों से उपस्थित होने की अपील भी की। पार्टी सूत्रों के अनुसर अब ओमप्रकाश राजभर की नजर पूर्वांचल में अपने समर्थकों पर टिकी है। मऊ जिले में कार्यकर्ताओं और जनता से संवाद करने के साथ ही पूर्वांचल के अन्य जिलों में भी पार्टी से लोगों को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास जन चौपाल कर रहे हैं। पार्टी आने वाले दिनों में पूर्वांचल में वृहद स्तर पर महारैली आयोजित करने की तैयारी में है। ओमप्रकाश राजभर मऊ के बाद अब पूर्वांचल के अन्य जिलों में भी चौपाल कर आम जनता से संवाद के जरिए उनको जोड़ने की तैयारियों में लगे हुए हैं। समाजवादी पार्टी से चुनाव के बाद अलग होने वाले ओमप्रकाश राजभर अब जन चौपाल कर लोगों से महारैली से जुड़ने की अपील कर रहे हैं। मऊ के बाद उनका अन्य जिलों का दौरा भी प्रस्तावित है। जहां जनता के बीच जाकर जन चौपाल में उनके जिले में होने वाले आयोजन की जानकारी देकर उनको कार्यक्रम से जोड़ने की तैयारी जन चौपाल के जरिए की जा रही है।

( आधुनिक समाचार सेवा )

**प्रयागराज। राकेश आईपीएस द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय पर जनपद प्रयागराज के क्राइम ब्रांच के विवेचकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा लंबित विवेचनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उनके गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।**



# थाना फूलपुर पुलिस द्वारा अपहृत/गुमशुदा बरामद





(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज। श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जपनद प्रयागराज महोदय के निदेशन मे अपराध एवं पराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक गंगापार व श्रीमा् क्षेत्राधिकारी फूलपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष फूलपुर अमित कुमार राय के नुतृत्व में उ0नि0 श्री सुभाष कुमार गौतम मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 403/2022 धारा 363 भा0द0सं0 से सम्बन्धित गुमशुदा को वादिनी मुकदमा के रिश्तेदार के घर के पीछे धान के खुत ग्राम अगहुआ, थाना फूलपुर, जपनद प्रयागराज से बरामद किया। मोहम्मद आकिब उपरोक्त को बाद बरामदगी उसकी माता/वादिनी मुकदमा को सुपुर्द किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। बरामद कने वाली पुलिस टीम का विवरण- थानाध्यक्ष अमित कुमार राय, व0उ0नि0 श्री जयसिंह नारायण यादव, उ0नि0 सुभाष कुमार गौतम, उ0नि0 मयंकधर द्विवेदी, हे0का0 देवेन्द प्रताप सिंह, का0 संदीप यादव थाना फूलपुर, जनपद प्रयागराज।**

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो राजमिस्त्री की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**जौनपुर।** वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर लाइन बाजार थाना के शिवापार और नेवादा गांवों के बीच सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो श्रमिकों की मौत हो गई। वहीं हादसे की पुलिस को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचकर परिजनों को सूचित किया। जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस ने परिजनों के सामने शव का पंचनामा भरपर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में परिजनों को पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। इसी थाना क्षेत्र के तहरपुर परियावां निवासी 45 वर्षीय दल सिंगार गौतम व लौकरी परियावां निवासी 40 वर्षीय लाल बहादुर गौतम पेशे से राजमिस्त्री थे। दोनों शहर से रात करीब 9:30 बजे बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: **15 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

सम्पर्क सूत्रः— 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# सोनभद्र में फर्जी मुकदमा दर्ज करने का लगाया आरोप, भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को डीएम व एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्हें ज्ञापन सौंपा। कुछ लोगों पर साजिश के तहत दिया है। भीम आर्मी के जिला संयोजक विवेक कुमार वर्मा व आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुकेश के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि घटना 19 अगस्त समय लगभग 8 बजे रात्रि की दिखाई गयी है। उस तारीख को विवेक के भाई अमित राज उर्फ बबुआ को प्राथमिकी में अभियुक्त बनाया गया है, जबकि उस दिन शाम करीब 7.30 बजे



फर्जी तरीके से म्योरपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का आरोप लगाया। मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और उचित कार्रवाई करने की मांग की। इस मामले में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने न्याय दिलाने की मांग की है, बताया कि जिस आरोप में कार्रवाई की जा रही है उससे संबंधित का कोई वास्ता नहीं है। इस मामले में जानकारी होने के बाद पुलिस ने भी सभी को जांच के उपरांत ही कार्रवाई का आश्वासन कुंडाडीह थाना म्योरपुर के निवासी विवेक कुमार पुत्र उमाशंकर भीम आर्मी के जिला संयोजक हैं। उनका किसी से कोई विवाद नहीं हुआ और न ही किसी तरह की मारपीट की कोई घटना हुई। इसके बावजूद उनके और उनके परिवार के सदस्यों पर साजिश के तहत विभिनन्‍ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया गया। यदि इसकी निष्ठापूर्वक जांच करा दी जाए तो सत्यता खुलकर सामने आ जाएगी। तथाकथित लिलासी मोड़ के पास चार पहिया वाहन से दुर्घटना हो गयी थी, जिसमें उक्त परिवार के सभी लोग चोटिल हुए थे। अमित राज उर्फ बबुआ के साथ करीब 8 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर सोनभद्र पर मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस दौरान सौरभ, रविकांत, चंद्रशेखर कुमार, विजय राव, अरुण कुमार, संजय कुमार, दीपक, विनोद, मुकेश, रहमत, आशुतोष, रवि, सागर, शंभू कनौजिया आदि रहे।

# अहरौरा बांध से 63 गांवों में होगी नल के जल की आपूर्ति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जमालपुर विकास खंड के 63 गांवों के लोगों को अहरौरा बांध का पानी शोधित करके पिलाया जाएगा। बांध के पानी के शोधन के लिए लतीफपुर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्लूयूटीपी) बनाया जा रहा है। हर घर नल योजना के तहत जलापूर्ति के लिए 248 किमी पाइप लाइन बिछाने के लिए 51 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत है। योजना के तहत प्रस्तावित कार्य मार्च 2023 तक पूरे किए जाने का लक्ष्य है। हर घर नल योजना के तहत प्रस्तावित कार्य तेजी से चल रहे हैं। इसके तहत अहरौरा बांध से पानी लेकर लतीफपुर में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाएगा। यहां से पानी शोधित करके विभिनन्‍ स्थानों पर बनाए जा रहे अलग-अलग क्षमता के ओवरहेड टैंक तक भेजा जाएगा। ओवरहेड टैंक के जरिए पानी लोगों के घरों तक पहुंचाया जाएगा। अहरौरा नगर के दक्षिणी तरफ स्थित हिनौता ग्राम पंचायत के लतीफपुर बस्ती में ओवरहेड टैंक भी बनाया जा रहा है। ध्वस्त हो चुके पुराने किले के पास स्थित पुरानी सड़क की गहराई ज्यादा होने के कारण वहां इनटेक वेल बनाया जाएगा। यहां अहरौरा बांध का पानी पंप करके पहुंचाया जाएगा। यहां से पानी शोधन के लिए ट्रीटमेंट प्लांट भेजा जाएगा। योजना के तहत जमालपुर विकास खंड के रोशनहर, मदापुर, डकहीं, शेरवा, बिसौरा कला सहित बैरी मोड़ तक 63 गांवों में जलापूर्ति के लिए 11 हजार घरों को कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। यह योजना अगले 30 वर्षों में संभावित आबादी को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से विभिनन्‍ गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए 248 किमीटर पाइप लाइन बिछाई जा रही है।








# बभनी और सिकरिया में भी खुलेंगे नए आश्रम पद्धति विद्यालय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** जिले के गरीब परिवार के बच्चों को निशुल्क आवासीय शिक्षा देने के लिए छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित सिकरिया और बभनी में नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खोलने की कवायद शुरू की गई है। इसके लिए दोनों स्थानों पर जगह चिह्नित कर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। नया आवासीय विद्यालय खुलने से के लिए शिक्षा की राह सुगम बनाई जा रही है। इसी के तहत आदिवासी बहुल इलाकों में नए आवासीय विद्यालय खोलने की पहल की जा रही है। मौजूदा समय में जिले में चार आश्रम पद्धति संचालित हैं। इसमें राबर्ट्सगंज में बालिका और गुरमुरा, घोरावल व दुद्धी में बालकों का विद्यालय है। अब दो नए आश्रम पद्धति विद्यालय भी स्थापित करने की कवायद शुरू हुई है। इसके होगी। प्रत्येक विद्यालय में 490 बच्चे अध्ययनरत रहेंगे। भवन का निर्माण कार्य लगभग 72 करोड़ रुपये से कराया जाएगा। शासन से कार्यदायी संस्था नामित करते हुए धन जारी होते ही स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। तीन स्कूलों के लिए जमीन तलाश जारी सोनभद्र। जिले में तीन अन्य आश्रम पद्धति विद्यालय खोलने के लिए राज्य मंत्री संजीव



आदिवासी बहुल इस इलाके में माध्यमिक शिक्षा के लिए मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। देश के 115 अति पिछड़े जिलों में शामिल सोनभद्र में शिक्षा का स्तर काफी खराब है। इसमें सुधार के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की कोशिश जारी है। सुदूर इलाकों में विद्यालय स्थापित कर बच्चों लिए जमीन का चिह्नांकन कर लिया गया है। नए विद्यालय म्योरपुर ब्लॉक क्षेत्र के सिकरिया गांव और बभनी ब्लाक के बभनी गांव में स्थापित करने की तैयारी है। दोनों विद्यालयों का निर्माण कार्य कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। दोनों स्कूलों में 980 बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था गोंड की ओर से दिए गए प्रस्ताव को शासन ने गंभीरता से लिया है। शासन ने जिला प्रशासन को आश्रम पद्धति विद्यालयों को खोलने के लिए चोपन के जुगैल, परसोई और म्योरपुर के कुलडोमरी में भी जमीन चिह्नित कर रिपोर्ट मुहैया कराने का आदेश दिया है।

# विंध्याचल में अब 10 जोन में होगा नवरात्र मेला डीएम ने सभी विभागों से मांगी कार्ययोजना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** शासन के मंशानुरूप अब मां विंध्यवासिनी धाम में शारदीय नवरात्र मेला व्यवस्था और चुस्त-दुरुस्त होगी। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कुमार लक्षकार ने सभी विभागों को 20 सितंबर तक मेला तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग को दो दिन के अंदर सड़क मार्ग दुरुस्त करने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग व नगर पालिका परिषद को 15 सितंबर तक भी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। दुकानें आगे बढ़कर नहीं लगनी चाहिए। इसके लिए विंध्याचल थाना प्रभारी को निर्देशित किया। वाहन स्टैंड पर भी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। रेलवे स्टेशन, रोडवेज पर भी व्यवस्था शीघ्र पूर्ण करने



कारिडोर से विंध्यवासिनी मंदिर विस्तृत हो चुका है। अब नवरात्र मेला का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। पहले मां विंध्यवासिनी मंदिर के साथ विंध्य पर्वत पर विराजमान मां अष्टभुजा व कालीखोह मंदिर तक नवरात्र मेला क्षेत्र आठ जोन का होता था, लेकिन अब 10 जोन का होगा। विंध्याचल में आठ तो अष्टभुजा व कालीखोह में एक-एक अलग जोन बनेगा। डीएम ने मेला की तैयारी व्यवस्था के लिए सभी विभागों से 20 सितंबर तक का कार्ययोजना बनाकर मांगा। कहा कि कायऱ्योजना के अनुसार कार्य संपादित कराए जाएंगे।शारदीय नवरात्र मेला तैयारी को लेकर प्रशासनिक भवन पर सोमवार को तीसरी बार बैठक हुई। डीएम प्रवीण सफाई व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने की जिम्मेदारी सौंपी। ईओ ने कहा कि विंध्याचल में 12 वाहन स्टैंड संचालित हैं। अब तक तीन ही स्टैंड संचालक ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कहा कि वाहन स्टैंड पर रेट सूची भी चस्पा होगा। वहीं पेयजल व्यवस्था के लिए जल निगम को निर्देशित किया गया। नवरात्र मेला बेसहारा पशुओं से मुक्त होगा। इसके लिए डीएम ने नगर पालिका ईओ को निर्देशित किया। कहा कि गंगा घाटों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व अन्य कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। एसडीआरएफ टीम को भी सजग रहने का निर्देश दिया। भीड़ नियंत्रण के लिए मेला क्षेत्र में बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। टेंट व्यवस्था व सीसीटीवी कैमरा का निर्देश दिया।विंध्याचल, अष्टभुजा व कालीखोह तक प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग चार अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाएगा। साथ ही विद्युत तार व पोल भी दुरुस्त किया जाएगा। खाद्य विभाग करेगा सामानों के गुणवत्ता की जांच विंध्याचल नवरात्र मेला क्षेत्र के दुकानों से सामान का सैंपल लेकर गुणवत्ता की जांच की जाएगी। साथ ही दुकानों पर सामानों का निर्धारित रेट सूची चस्पा होगा। इसके लिए डीएम ने खाद्य विभाग को निर्देशित किया। दूरभाष पर करें संपर्क, तत्काल होगा समाधान पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के पत्राचार करने की जरुरत नहीं है।

# बाथरूम में छिपा था नकाबपोश, नहाने पहुंची बालिका तो कर दिया हमला और फिर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** सोनभद्र में एक घर के अंदर बाथरूम में छिपकर बैठे नकाबपोश ने बालिका पर हमला कर दिया। बालिका नहाने के लिए बाथरूम में गई थी। दरवाजा खोलते ही अंदर छिपकर बैठे एक नकाबपोश युवक ने उसे दबोच लिया। जान से मारने की धमकी दी। सोनभद्र के पिपरी थाना क्षेत्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक घर के अंदर बाथरूम में छिपकर बैठे नकाबपोश ने बालिका पर हमला कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह उसके चंगुल से छूट कर बालिका ने खुद को बचाया। शोरगुल मचाने के बाद लोग पहुंचे तो हमलावर फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।




पिपरी नगर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने मंगलवार को पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी (11) सोमवार की दोपहर बाद नहाने के लिए बाथरूम में गई।दरवाजा खोलते ही अंदर छिपकर बैठे एक नकाबपोश युवक ने उसे दबोच लिया। जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह हाथ छुड़ाकर बालिका ने भागने की कोशिश की तो नकाबपोश ने उस पर हमला भी किया। घर में भागकर बालिका ने मां को सूचना दी। मां व अन्य परिजनों के पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार हो गया। आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन हमलावर का पता नहीं चला। इस बाबत पिपरी एसओ अजय सिंह ने बताया कि पीडिता के पिता ने तहरीर दी है। मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही हमलावर का पता लगा लिया जाएगा।

# युवक ने गंगा में लगाई छलांग, तलाश जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीखड़/चुनार।** थाना क्षेत्र के बालूघाट स्थित पक्का पुल से सोमवार की दोपहर युवक ने गंगा में छलांग लगा दिया। मछुआरों की सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों पुलिस ने युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को लगाया। इस बीच पुलिस उपाधीक्षक रामानंद राय भी मौके पर पहुंचे। 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर की जल पुलिस को भी बुलाया। वह भी युवक की तलाश



के साथ डूबे युवक को तलाशने में जुट गई। सद्दुपुर मोहाना निवासी जावेद (27) पुत्र शफीक लगभग सवा 11 बजे पक्का पुल से गंगा छलांग लगा दिया। गंगा में मछली मार रहे मछुआरे जब तक युवक के पास पहुंचे वह डूब गया था। मछुआरों ने युवक के गंगा में छलांग लगाने की सूचना पुलिस को दी। में जुट गई। शाम तक गोताखोर व पीएसी जल पुलिस की टीम युवक को तलाशने में जुटी थी। परिवारीजनों ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका दवा इलाज चल रहा था। सीओ चुनार रामानंद राय ने बताया कि डूबे युवक की तलाश की जा रही है।

# कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।**कलेक्ट्रेट परिसर में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। म्योरपुर थाना क्षेत्र में फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम-एसपी को संबोधित ज्ञापन सौंपा भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा और आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुकेश के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुंडाडीह गांव निवासी विवेक कुमार भीम आर्मी के जिला संयोजक हैं। कुछ लोगों ने निजी द्वेष में साजिश के तहत बिना कोई घटना हुए ही मारपीट, छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। इसमें परिवार के सभी सदस्यों को भी नामजद किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाय। इस मौके पर सौरभ, रविकांत, चंद्रशेखर कुमार, विजय राव, अरुण कुमार, संजय कुमार, दीपक, विनोद, मुकेश, रहमत, आशुतोष, रवि, सागर, शंभू कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने रूट मार्च कर लोगों से किया संवाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** ज्ञानवापी मामले से संबंधित न्यायालय के निणऱ्य को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस और पीएसी के जवानों के साथ नगर में पैदल मार्च किया। पुलिस कार्यालय से शुरू हुआ पैदल मार्च नगर के प्रमुख इलाकों से होते हुए वापस कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों, व्यवसायियों व विभिनन्‍ संप्रदाय के लोगों से संवाद भी स्थापित किया। शासन स्तर से पुलिस अधिकारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस और पीएसी के जवानों के साथ पूरे नगर में रूट मार्च किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से शुरू हुआ रूट मार्च अस्पताल मार्ग, रामबाग, संकट मोचन, वासलीगंज, घंटाघर, त्रिमोहानी आदि स्थानों पर पहुंचा। इस दौरान एसपी ने व्यवसायियों, आमजन व विभिनन्‍ संप्रदाय के लोगों से संवाद कर संदिग्ध लोगों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। उन्होंने आगाह किया कि अराजकता फैलाने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रूट मार्च के दौरान रास्ते में स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद कर विभिनन्‍ हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी देते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी चुनार रामानंद राय के नेतृत्व में पुलिस ने मिर्जापुर-वाराणसी सीमा पर वाहनों की जांच की।

# पुलिस पर फायर कर भाग रहे गैंगेस्टर को पुलिस ने पकड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अहरौरा।** सोनभद्र बॉर्डर से सटे खप्पर बाबा आश्रम के पास रविवार की रात गैंगस्टर मामले में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस टीम पर बदमाश ने तमंचे से फायर झोंक दिया। फायर से बचते हुए पुलिस ने भाग रहे पकड़ने का प्रयास किया तो एक बदमाश ने तमंचे से फायर कर दिया। फायर से बचते हुए पुलिस ने भागते समय बदमाश को दौड़ा कर पकड़ लिया। पकड़ा गया बदमाश गैंगस्टर का आरोपी गफूर निवासी सुकृत जनपद सोनभद्र है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व से ही गैंगस्टर



एक बदमाश को दबोच लिया। उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह को रविवार की रात सूचना मिली कि सोनभद्र के बॉर्डर से सटे खप्पर बाबा आश्रम के पास कुछ बदमाश मौजूद है। जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को का मुकदमा पंजीकृत है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा, एक कारतूस बरामद हुआ। अंधेरे का लाभ उठाकर उसका साथी मौके से भाग गया। जिसकी तलाश क्षेत्र के संभावित ठिकानों पर पुलिस द्वारा कराई जा रही है। पकड़ा गया आरोपी गफूर गैंगस्टर है। आरोपी गोवध संरक्षण अधिनियम के आरोपों में भी वांछित है। पुलिस ने आरोपी को आर्म्स एक्ट तथा अन्य धाराओं में जेल भेज दिया।

# पिछले वर्ल्ड कप की तुलना में हुए 6 बदलाव इन खिलाडियों को नहीं मिला मौका


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के 15 सदस्यीय स्क्वॉड की घोषणा कर दी गई है। बार की टीम में 6 बदलाव हैं। पहले बात उन खिलाडियों की कर लेते हैं जो पिछले साल वर्ल्ड कप की टीम में नहीं थे लेकिन इस बार उन्हें मौका मिला है। इसमें एक बल्लेबाज, मेन स्क्वॉड में जगह नहीं मिली है बल्कि उन्हें स्टैंड बाय के तौर पर रखा गया है। पिछले वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मोहम्मद शमी काफी महंगे साबित



इस टीम में जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल की वापसी हुई है जबकि रवींद्र जडेजा को शामिल नहीं किया गया है। उनके स्थान पर अक्षर पटेल को मौका दिया गया है। पिछले वर्ल्ड कप की बात करें तो टीम इंडिया लीग स्टेज में ही बाहर हो गई थी। इस एक साल के दौरान टीम ने कई प्रयोग किए हैं और परफैक्ट इलेवन तलाशने की कोशिश की। यही कारण है कि पिछले टी20 वर्ल्ड कप और इस एक विकेटकीपर, दो स्पिन गेंदबाज और दो तेज गेंदबाज शामिल हैं। जिन खिलाडि़यों को इस बार मौका मिला है उसमें दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह शामिल हैं। 2021 टी20 वर्ल्ड कप टीम की बात करें तो उस टीम में रवींद्र जडेजा, ईशान किशन, राहुल चाहर, वरुण चक्रवर्ती, शार्दूल ठाकुर और मोहम्मद शमी हैं। इस बार मोहम्मद शमी को हुए थे जिसके बाद वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए थे।रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुडा, ऋषभ पंत (विकेट-कीपर), दिनेश कार्तिक (विकेट-कीपर), हार्दिक पांड्या, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह।

# श्रीलंका से हार के बाद सोशल मीडिया पर उड़ा पाकिस्तान का मजाक, भारतीय फैंस ने लिए मजे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देखें 10 मीम्स श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 170 रन बनाए। भानुका राजपक्षा ने 71 रन की नाबाद पारी खेली। जवाब में पाकिस्तान की टीम को 20 ओवर में 147 बनाए। भानुका राजपक्षा ने 71 रन की नाबाद पारी खेली। जवाब में पाकिस्तान की टीम को 20 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट कर दिया। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान ने 49 गेंदों में 55 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से प्रमोद मदुशन





रन पर ऑलआउट कर दिया। श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर छठी बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया उसने रविवार (11 सितंबर) को खेले गए फाइनल मुकाबले को 23 रन से अपने नाम किया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इस टूर्नामेंट में टॉस जीतने वाली टीमों का दबदबा था। इसलिए यह माना गया कि पाकिस्तान इस मैच को आसानी से जीत लेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 170 रन और वानिंदु हसरंगा जीत के हीरो रहे। मदुशन ने तीन और हसरंगा ने एक ही ओवर में तीन विकेट लिए। इस मैच के दौरान सोशल मीडिया पर फैंस ने कई मजेदार मीम्स शेयर किए। पाकिस्तान का मजाक उड़ाया और उसके खिलाडियों को ट्रोल किया।श्रीलंका ने सबसे पहले 1986 में एशिया कप का खिताब जीता था। इसके बाद 1997, 2004, 2008, 2014 और अब 2022 में टीम ने टाइटल अपने नाम किया है। भारत ने सबसे ज्यादा सात बार यह खिताब जीता है। श्रीलंका अब उससे बस एक खिताब दूर है।

# आखिरी बार भारत दौरे पर होंगे मार्क बाउचर


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ क्रिकेट के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल टीम के हेड कोच मार्क बाउचर ने टी20 वर्ल्ड कप के बाद कोचिंग पर छोड़ने का निणन्य लिया कहा गया है कि साउथ अफ्रीका मेंस टीम के हेड कोच आइसीसी टी20 वर्ल्ड कप के बाद कोचिंग पद छोड़ देंगे। बाउचर ने अपने भविष्य की योजना और व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए इस्तीफा देने का फैसला किया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका




है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका की तरफ से यह घोषणा की गई है जिसमें को इस बात का बहुत पछतावा है कि बाउचर अपने अनुबंध की अवधि को खत्म करने में असमर्थ हैं। बोर्ड उनके निणन्य का सम्मान करता है और उनके भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है। इतना ही नहीं बतौर कोच बाउचर का आखिरी भारत दौरा होगा जिसमें साउथ अफ्रीका की टीम 3 टी20 और 3 वनडे मैच खेलेगी।मार्क बाउचर, दिसंबर 2019 में बतौर कोच टीम से जुड़े थे। उनके नेतृत्व में टीम 11 टेस्ट मैचों में विजयी रही जिसमें भारत के खिलाफ 2-1 से जीत भी शामिल थी जो जनवरी में खेली गई थी। वनडे क्रिकेट की बात करें तो 11 जबकि टी20 मुकाबलों में 23 मैचों में टीम को जीत मिली है। उनके कोचिंग में टीम ने अभी इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से ऐतिहासिक सीरीज जीती है। बतौर कोच बाउचर का आखिरी असानइमेंट टी20 वर्ल्ड कप है लेकिन उससे पहले टीम को भारत दौरा करना है। यह दौरा 28 सितबंर से 11 अक्टूबर के बीच होगा जिसमें 3 वनडे मैचों के अलावा 3 टी20 मैच खेले जाएंगे। इस मौके पर साउथ अफ्रीका क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा ठउन्होंने जो काम किया है उसके लिए हम उनके बहुत आभारी हैं और उनके करियर के अगले अध्याय के साथ हम उन्हें शुभकामनाएं देना चाहते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की मैक्ग्रा और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा बने अगस्त में आईसीसी के श्रेष्ठ खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**महिलाओं के वर्ग में इस पुरस्कार के लिए रोड्रिग्स के साथ राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और तहलिया मैक्ग्रा भी नामित थी। मैक्ग्रा ने बर्मिंघम में ऑस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत विजेता ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और तहलिया मैक्ग्रा भी नामित थी। मैक्ग्रा ने बर्मिंघम में ऑस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी जिससे उन्हें यह पुरस्कार मिल उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में 57 की औसत से 114 रन बनाने के साथ 13.40 की औसत से पांच विकेट भी






की जेमिमा रोड्रिग्स अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगस्त महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया की तहलिया मैक्ग्रा से पिछड़ गई जबकि पुरुष वर्ग में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने अपने दमदार प्रदर्शन से यह खिताब अपने नाम किया। महिलाओं के वर्ग में इस पुरस्कार के लिए रोड्रिग्स के साथ राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक चटकाए। उन्होंने इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 78 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिए। रजा इस पुरस्कार को जीतने वाले जिम्बाब्वे के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी को न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स जैसे दिग्गज हरफनमौला के साथ नामांकन मिला था।

# टीम सेलेक्शन पर ट्वीट कर ट्रोल हो गए भारत के पूर्व कप्तान, इस खिलाड़ी के चयन पर उठाए थे सवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का चयन होते हीं टीम को लेकर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। इसमें कई पूर्व क्रिकेटर तुलना में दीपक हुड्डा को तरजीह देने को लेकर अपनी हैरानी जताई है। इतना ही नहीं उन्होंने मोहम्मद शमी को भी अंतिम 15 से बाहर रखने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया पर टीम इंडिया अपनी तेज गेंदबाजी को ज्यादा अहमियत देगी लेकिन टीम ने 4 तेज गेंदबाजों को शामिल किया है। जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल की वापसी जरूर टीम






भी शामिल हैं जिन्होंने इस स्क्वॉड को लेकर अपनी बात सामने रखी। इसी क्रम में पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने भी ट्विटर पर एक प्रतिक्रिया दी जिसके बाद वह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो गए। दरअसल 15 सदस्यीय टीम में दीपक हुड्डा को जगह मिली है जबकि श्रेयस अय्यर को स्टैंड बाय के तौर पर रखा गया है। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने टीम सेलेक्शन पर ट्वीट कर अपनी हैरानी जताई। उन्होंने ट्वीट में श्रेयस अय्यर की दी है। उन्होंने टीम सेलेक्शन पर लिखा है कि मैं दीपक हुड्डा के स्थान पर श्रेयस अय्यर और हर्षल पटेल के स्थान पर मोहम्मद शमी को शामिल करता। अजहरुद्दीन ऐसे पहले नहीं हैं जिन्होंने शमी को अंतिम 15 में शामिल न करने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है बल्कि पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत भी ऐसा कह चुके हैं। एशिया कप में टीम इंडिया की गेंदबाजी कमजोर कड़ी रही थी। ऐसे में सबको उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया की तेज पिच के लिए राहत की खबर है लेकिन शमी को स्टैंड बाय में रखने को लेकर पूर्व क्रिकेटर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अजहरुद्दीन के इस ट्वीट पर वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए। एक यूजर ने लिखा कि ऑस्ट्रेलिया का पिच बाउंसी है और बाउंसर श्रेयय अय्यर की कमजोरी रही है। एक अन्य यूजर ने अजहरुद्दीन की चुटकी लेते हुए लिखा है कि वह युसुफ और इरफान पठान को भी इस स्क्वॉड में मिस कर रहे हैं।

# तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड नौ विकेट से जीता, दक्षिण अफ्रीकी को लगातार चौथी सीरीज में हराया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड लगातार चौथी टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रहा। वह पिछली बार 2012 में टेस्ट सीरीज हारा था। उसके बाद से दक्षिण अफ्रीका को उसने 2015, 2017 और 2019 में जीत हासिल की। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैनचेस्टर में दूसरा टेस्ट पारी और 85 रन से जीता था।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड लगातार चौथी टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रहा। वह पिछली बार 2012 में टेस्ट सीरीज हारा था। उसके बाद से दक्षिण अफ्रीका को उसने 2015, 2017 और 2019 में जीत हासिल की। मौजूदा सीरीज में जीत के हीरो बढ़त हासिल की। अफ्रीकी टीम ने दूसरी पारी में 169 रन बनाए। इस तरह इंग्लैंड को जीत के लिए 130 रनों का लक्ष्य हासिल हुआ। उसने एक विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य हासिल किया। दूसरी पारी में इंग्लैंड के ओपनर एलेक्स लीस और जैक क्रॉली ने अफ्रीकी गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों ने पहले विकेट



तीन टेस्ट मैचों की सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया है। उसने ओवल में खेले गए आखिरी मुकाबले को नौ विकेट से अपने नाम कर लिया। अफ्रीकी टीम लॉर्ड्स में पहला टेस्ट जीती थी। उसके बाद बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लिश टीम ने शानदार वापसी की और अगले दो टेस्ट मैच अपने नाम कर लिए। इंग्लैंड ने कप्तान बेन स्टोक्स रहे। उन्हें मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने तीन टेस्ट की चार पारियों में 134 रन बनाए और 10 विकेट लिए ओवल में खेले गए आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उसने दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 118 रन पर ऑलआउट कर दिया। उसके बाद पहली पारी में 158 रन बनाकर 40 रनों की के लिए 108 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित कर दी। लीस 39 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। उनके बाद क्रीज पर उतरे ओली पोप ने क्रॉली के साथ मिलकर मैच को समाप्त कर दिया। क्रॉली ने तेज बल्लेबाजी की। उन्होंने 57 गेंद पर 12 चौकों की मदद से नाबाद 69 रन की पारी खेली। पोप 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

# टी 20 वर्ल्ड कप से खुश नहीं है पूर्व चयनकर्ता इस खिलाड़ी को करना चाहते हैं शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीसीसीआइ ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम का नेतृत्व रोहित शर्मा के पास है जबकि उप-कप्तान के तौर पर केएल राहुल को जिम्मेदारी मिली है। इस टीम में 4 तेज गेंदबाजों के अलावा 3 स्पिन गेंदबाजों को शामिल किया गया है। जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल की वापसी टीम के लिए राहत की खबर है लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत इस चयन से खुश नहीं हैं। दरअसल वह टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस 15 सदस्यीय टीम में देखना चाहते थे। स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्लूज' में बात करते हुए श्रीकांत ने कहा कि 'अगर मैं चयन समिति का अध्यक्ष होता, तो शमी निश्चित रूप से टीम में होते। आपको बता दें कि मोहम्मद शमी, दीपक चाहर, रवि बिशनेई और श्रेयस अय्यर को स्टैंड बाय के तौर पर रखा गया है। श्रीकांत ने आगे कहा कि ठशमी के पास गति और उछाल प्राप्त करने की




क्षमता है। वह शुरुआती ओवरों में विकेट ले सकते हैं और खासतौर से ऑस्ट्रेलिया में वो प्रभावी साबित होते। उन्होंने कहा ठमैं हर्षल पटेल के बजाय शमी को टीम में रखता। इसमें कोई संदेह नहीं कि हर्षल पटेल एक अच्छे गेंदबाज हैं, लेकिन परिस्थितियों के मुताबिक मोहम्मद शमी बेहतर खिलाड़ी हैं।एशिया कप 2022 की बात करें तो गेंदबाजी के रूप में ही कमी नजर आई थी। टीम इंडिया के गेंदबाज 3 मैचों में 160 से ज्यादा का स्कोर भी डिफेंड नहीं कर पाए थे। उस वक्त भी मोहम्मद शमी के न होने पर चर्चा की गई थी और एकबार फिर उन्हें 15 सदस्यीय टीम में स्थान नहीं दिया गया है जिससे श्रीकांत नाराज हैं। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुडा, ऋषभ पंत (विकेट-कीपर), दिनेश कार्तिक (विकेट-कीपर), हार्दिक पांड्या, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह।

# राशिफल

**मेष-**:स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-**:आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-**:जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-**:आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-**:आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-**:किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-**:आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-**:आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

**मकर-**:खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-**:आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है

**मीन-**:आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़

# सम्पादकीय

## वैश्विक खाद्य संकटः कृषि जोड़ सकती है दक्षिण एशिया को

खाद्य संकट के लिहाज से दक्षिण एशिया बेहद संवेदनशील है। श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बाद वहां के लाखों लोग को खाद्य संकट का सामना करना पड़ा। अब पाकिस्तान विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहा है। हम दक्षिण एशियाई देशों को एकजुट करने के लिए हमेशा क्रिकेट पर भरोसा करने के बारे में सोचते हैं, भले अन्य मुद्दों पर उनके विचार अलग ही क्यों न हों। ऐसे समय में जब वैश्विक खाद्य व्यवस्था तेजी से कमजोर होती जा रही है, क्या कृषि इन देशों को एकजुट कर सकती है? पिछले हफ्ते श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान जैसे पड़ोसी देशों के कृषि मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारी अपने भारतीय समकक्ष से इस पर विचार-विमर्श करने के लिए दिल्ली पहुंचे थे कि कैसे एक-दूसरे से सहयोग करना और सीखना बेहतर है। इसमें आभासी रूप से पाकिस्तान ने भी हिस्सा लिया था। दक्षिण एशिया में 'विकास के लिए कृषि अनुसंधान की मजबूती' विषय पर दिल्ली में यह उच्च स्तरीय बैठक द बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (बीसा) द्वारा आयोजित इस तरह की पहली बैठक थी। कोविड, यूक्रेन में चल रहे युद्ध और जलवायु परिवर्तन की पृष्ठभूमि में होने के कारण यह बैठक अपने आप में बेहद प्रासंगिक थी। इन तीन कारणों से दुनिया में खाद्य संकट तेजी से गहरा रहा है। ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस, 2022 के मुताबिक, 53 देशों या क्षेत्रों के 19.3 करोड़ लोगों ने 2021 में भीषण खाद्य असुरक्षा का अनुभव किया। खाद्य संकट के लिहाज से दक्षिण एशिया बेहद संवेदनशील है। श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बाद वहां के लाखों लोग को खाद्य संकट का सामना करना पड़ा। अब पाकिस्तान विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहा है और उसका एक तिहाई हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। जैसा कि हम जानते है कि भारत कहीं बेहतर स्थिति में है, लेकिन वैश्विक झटकों से सुरक्षित नहीं है। गेहूं निर्यात प्रतिबंधित करने के बाद भारत ने घरेलू खाद्य महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए टूटे चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। यह साफ है कि सहयोग ही रास्ता है। पिछले हफ्ते दक्षिण एशिया के शीर्ष कृषि अधिकारियों की बैठक आयोजित करने वाला बीसा मैक्सिको स्थित द इंटरनेशनल मेइज ऐंड ह्वीट इंप्रूवमेंट सेंटर (सीआईएमएमवाईटी), जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण दो अनाज-मक्का और गेहूं पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान है, और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) का इसी तरह का सहयोगी संगठन है। सीआईएमएमवाईटी और बीसा के महानिदेशक ब्रैम गोवर्ट्स का दिल्ली में दो दिवसीय उच्च स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करना कृषि में सहयोग के लिहाज से एक बड़ी बात है। हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले दिवंगत नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नॉर्मन बोरलॉग की विरासत को मान्यता देने के लिए पांच अक्तूबर, 2011 को बीसा का गठन किया गया था। अमेरिकी वैज्ञानिक बोरलॉग ने 1944 से 1963 तक बढ़ते तापमान के अनुकूल अत्यधिक उपज क्षमता वाले गेहूं की कई क्रमिक किस्में विकसित कीं। बोरलॉग और प्रख्यात भारतीय वैज्ञानिक प्रोफेसर एम. एस. स्वामीनाथन के बीच साझेदारी ने 1960 के दशक में भारत में उच्च उपज देने वाले गेहूं और चावल की किस्मों का विकास किया और देश में गंभीर खाद्य संकट दूर करने में मदद की। बीसा का गठन भारत में अनुसंधान की रणनीति बनाने के लिए किया गया था, जिससे कि कम पानी, भूमि और ऊर्जा का उपयोग करते हुए दक्षिण एशिया में खाद्य उत्पादन दोगुना करने में मदद मिले। अभी इसके लुधियाना (पंजाब), जबलपुर (मध्य प्रदेश) और समस्तीपुर (बिहार) में अनुसंधान और विकास केंद्र हैं। बीसा के प्रबंध निदेशक डॉ. अरुण कुमार जोशी कहते है, 'बीसा का उद्देश्य नवीनतम आनुवंशिक, डिजिटल और संसाधन प्रबंधन तकनीकों का उपयोग करना है और इसके संस्थापकों-आईसीएआर और सीआईएमएमवाईटी की इच्छा के अनुसार, क्षेत्र की कृषि और खाद्य प्रणालियों को मजबूत करने के विकासात्मक नजरिये के लिए अनुसंधान का उपयोग करना है, ताकि उत्पादकता, लचीलापन, आजीविका और पोषण सुरक्षा जैसी भविष्य की मांगें पूरी की जा सकें।' दक्षिण एशिया में भारत के पड़ोसी देशों तक बीसा की पहुंच पहले ही अच्छे परिणाम दे चुकी है। इसके कुछ उदाहरण-लुधियाना स्थित बीसा फार्म से गेहूं की फसल को प्रभावित करने वाले पीले रतुआ के प्रतिरोध पर डाटा का उपयोग नेपाल, अफगानिस्तान और पाकिस्तान द्वारा किया गया है। सीआईएमएमवाईटी के वैश्विक गेहूं कार्यक्रम की मदद से बीसा में किए गए अनाज की उपज और अन्य लक्षणों के लिए आनुवंशिक भविष्यवाणी मूल्यांकन को 2020 से पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल तक बढ़ा दिया गया है।

## कितने प्रसन्न हैं 'खुशहाल' देश तलाक की दर बहुत अधिक

नार्डिक देशों में विश्व की आबादी का बहुत कम हिस्सा ही रहता है, जो वैश्विक आबादी के एक फीसदी के आसपास है। ऐसे में बहुत से लोगों में यह जानने की उत्कंठा रही कि आखिर वहां लोग इतने प्रसन्न क्यों हैं। हाल के वर्षों में जब सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी) व आय पर आधारित सूचकांकों को अपर्याप्त ही नहीं, भ्रामक भी माना जाने लगा, तो देशों में विश्व की आबादी का बहुत कम हिस्सा ही रहता है, जो वैश्विक आबादी के एक फीसदी के आसपास है। ऐसे में बहुत से लोगों में यह जानने की उत्कंठा रही कि आखिर वहां लोग इतने प्रसनन्न क्यों हैं। दूसरी ओर इन नार्डिक देशों के कुछ विद्वानों ने भी कहना शुरू कर दिया कि दुनिया हमें जितना खुश बता रही है, उतने खुश तो हम हैं ही नहीं। इस कशमकश के बीच एक मुद्दा यह उठा



किसी देश में लोग कितने प्रसनन्न हैं, यह पता लगाने पर अधिक जोर दिया गया। इसलिए हैप्पीनेस इंडेक्स या खुशहाली के सूचकांक तैयार किए गए। खुशहाली या प्रसनन्ता के जितने भी सूचकांक तैयार किए गए हैं, उनमें पाया गया है कि नार्डिक देश प्रायः इन सभी सूचकांकों में शीर्ष पर रहते हैं। नार्डिक देशों में मुख्यतः यूरोप के पांच देश गिने जाते हैं, हालांकि कभी आसपास के कुछ छोटे टापुओं को अलग से भी गिना जाता है। ये पांच देश हैं-स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, आइसलैंड व डेनमार्क। प्रायः इन्हीं में से कोई न कोई देश हैप्पीनेस इंडेक्स के शीर्ष पर पाया जाता है। लेकिन नार्डिक कि प्रायः नार्डिक देशों में तलाक की दर बहुत अधिक है। विभिनन्न नार्डिक देशों के हाल के वर्षों के आंकड़ों को देखें, तो तलाक की दर वहां 35 से 60 प्रतिशत के बीच पाई गई है। दूसरे शब्दों में, हर दूसरे या तीसरे विवाह का अंत यहां तलाक में होता है व कहीं-कहीं तो यह दर इससे भी अधिक है। इस बारे में कुछ समाजशास्त्रियों का कहना है कि इसका लोगों के जीवन की खुशी या प्रसनन्ता पर कोई विशेष प्रतिकूल असर नहीं पड़ता है। उनका नजरिया यह है कि यह तो लोगों की आजादी का मुद्दा है कि वे किसी रिश्ते में तब तक ही रहें, जब तक वे उसमें खुश हैं।

## भारत जोड़ो यात्राः टी शर्ट-निक्कर की राजनीति के बजाए राहुल के नेतृत्व की प्रामाणिकता पर ध्यान देना ज्यादा अहम

यह सही है कि राहुल बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई जैसे शाश्वत मुद्दे उठा रहे हैं, लेकिन इन्हें चुनावी मुद्दों में बदलना टेढ़ी खीर है। अगर वो ऐसा कर पाए तो बहुत बड़ी बात होगी। भारतीय राजनीति में जनता के जीवन से जुड़े मुद्दे कभी चुनाव जिताऊ मुद्दों में तब्दील नहीं हो पाते। केवल एक बार 1971 में ऐसा हुआ कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' का लुभावना नारा देकर भारी बहुमत से लोकसभा चुनाव जीता, लेकिन उसके पीछे और भी दूसरे बहुत से कारण थे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत को जोड़ने और देश की आत्मा के अन्वेषण के जिस मकसद से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा पर निकले हैं, उसके बीच कपड़ों की घटिया राजनीति समूची यात्रा को लक्ष्य से भटकाएगी है। हालांकि इसकी शुरूआत भी भाजपा ने ही राहुल की कथित मंहगी टी शर्ट को लेकर की थी, तो जवाबी हमले में कांग्रेस ने भाजपा की मातृ संस्था आरएसएस का गणवेश रही निक्कर पर ही हमला बोल दिया। हालांकि खुद आरएसएस ने अब उसे पहनना छोड़ दिया है, लेकिन लगता है कि में कांग्रेस से सवाल किया कि- क्या वो देश में हिंसा चाहती है भारतीय राजनीति में अगर सत्ता में मिले तो हर पार्टी हिंसा का औचित्य भी ढूंढ लेती है। इसलिए यह कहना कि फलां पार्टी ही हिंसा की नसैनी पर सत्ता की सीढ़ी चढ़ना चाहती है, अर्द्ध सत्य होगा, लेकिन यहां असल मुद्दा राहुल गांधी की महंगी टी शर्ट अथवा आरएसएस की निक्कर नहीं है। अगर इसे फोकस में लाया जाता है तो इसका संदेश यही जाएगा कि यात्रा अपने मूल उद्देश्य से भटक रही है। इसमें दो राय नहीं कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले देश में लड़खड़ा रही कांग्रेस को फिर से खड़ा करना, पार्टी में राहुल गांधी की सत्ता को पुनर्स्थापित करना और संभव हुआ तो अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल के चेहरे को प्रोजेक्ट करना इस चार माह की यात्रा का राजनीतिक उद्देश्य है। इसमें भावना भी है और पार्टी की भाग्य रेखा को बांचना भी है। इस अर्थ में यह यात्रा अपने लक्ष्य की प्राप्ति में कितनी सफल होती है, यह यात्रा को मिलने वाले जनसमर्थन और स्वयं राहुल के एटीट्यूड पर निर्भर



कांग्रेस के मानस में अभी भी उसकी छह साल पुरानी छवि कायम है। कांग्रेस के अधिकृत ट्विटर हैंडल से जलती हुई खाकी निक्कर की तस्वीर वायरल करना संघ और भाजपा को भड़काने वाला था, वही हुआ भी। कांग्रेस ने कमेंट किया कि संघ देश को जलाने का काम करता रहा है। इसका ठेठ जवाब यह आया कि कांग्रेसियों के बाप-दादा भी संघ को नहीं रोक पाए तो ये क्या रोकेंगे। भाजपा ने पलटवार करता है। यह अपने आप में विरोधाभासी है कि वो एक तरफ पैदल यात्रा भी कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उन्हें क्या करना है या भविष्य में वो करने वाले हैं, इसके पत्ते खोलने में भी झिझक रहे हैं। हो सकता है यह उनकी रणनीति का हिस्सा हो या फिर उनके अस्थिर मानस की एक और दुविधा हो, लेकिन जब तक वो इस महत्वाकांक्षी यात्रा में साफ-साफ अपने इरादों को संकल्प को व्यक्त नहीं करेंगे,


देश का जनमानस इस यात्रा को बहुत संजीदगी से शायद ही लेगा। सांकेतिक शब्दावली में मनोभाव और संकल्प जताने का जमाना गया। अब तो झूठ भी इतने जोर से बोला जाता है कि उसकी ध्वनि तरंगे सच की तरह महसूस होने लगती हैं। इस डीजे का वॉल्यूम तो जिन 12 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों से यह यह गुजरने वाली है, उनमें से पांच राज्य भाजपा शासित हैं और एक केन्द्रशासित और एक पूर्ण राज्य में आम आदमी पार्टी का शासन है। कांग्रेस शासित राज्य केवल राजस्थान है, जहां से होकर यह यात्रा निकलेगी। इस भरती है, लेकिन राहुल गांधी तब भी इस बात को लेकर स्पष्ट नहीं थे कि उन्हें क्या और कैसे करना है और अभी भी इस बात का कोई साफ संकेत वो नहीं दे रहे कि यह यात्रा अंततः उनकी निजी छवि को उजली करने के लिए है या फिर दिशाहीनता और मुद्दों के जंजाल में



ऐसे सेट किया जाता है कि लोग झूठ या अर्द्धसत्य पर भी मदहोशी में नाचने लगते हैं। ऐसे में राहुल को अपनी भारत यात्रा और स्वयं के राजनीतिक रोड मैप को भी जनता के सामने खुलकर सामने रखना होगा। आज देश बंट रहा है, यह सत्य है, लेकिन देश टूट रहा है, यह अर्द्ध सत्य है। कुछ लोगों का मानना है देश का मानसिक बंटवारा ही उसके भौगोलिक बंटवारे की बुनियाद बनेगा, लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि यह 1947 नहीं है, जब देश पर विदेशी सत्ता काबिज थी और गुलाम देश का भविष्य उसी के हाथ में निहित था। इसलिए स्वतंत्र भारत की कोई सी भी राजनीतिक पार्टी या समूचा समाज देश के बंटवारे को सपने में भी स्वीकार नहीं करेगा। अब रहा सवाल देश में प्रतिरोध के स्वर दबाने का, तो इसमें कुछ सच्चाई है, लेकिन ऐसा पहले कभी नहीं हुआ यह कहना भी सही नहीं है। केवल उसका तरीका बदल गया है। अब सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी की यात्रा से देश सच में जुड़ पाएगाउनकी यात्रा के नक्शे को देखें हिसाब से यह यात्रा दक्षिण से उत्तर को तो जोड़ेगी। लेकिन पश्चिम से पूर्व को जोड़ने का इसमें प्रावधान नहीं है (शायद आगे हो)। बेशक सुदीर्घ यात्राएं भारत को समझने में हर किसी की मददगार रही हैं। राजनेताओं से लेकर संतों तक और कलाकारों से लेकर यायावरों तक। महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने के पहले समूचे भारत की यात्रा की। स्वामी विवेकानंद ने की। हाल के वर्षों में चंद्रशेखर और बाबा आमटे ने भी कीं। इस अर्थ में राहुल गांधी को ऐसी यात्रा पर बहुत पहले ही निकल जाना था। पिछला लोकसभा चुनाव हारने के बाद उनके लिए जनता से जुड़ने और देश की आत्मा से साक्षात्कार का बेहतरीन मौका था। तब उसके राजनीतिक उद्देश्यों पर सवाल भी कम उठते। लेकिन उस वक्त उन्होंने केवल पद से इस्तीफा देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली, जबकि राजनीतिक रण में हार-जीत चलती रहती है, लेकिन अर्जुन की तरह कुरूक्षेत्र में आपको लड़ते ही रहना पड़ता है। सेनापति की संघर्षशीलता सैनिकों में भी जोश भटकती कांग्रेस के लिए दृढ़ संकल्प मशाल की तरह है। हिंदी भाषी राज्यों में क्या होगा असर राहुल गांधी की 12 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों में साढ़े तीन हजार किमी की यह यात्रा फिलहाल दक्षिणी राज्यों से गुजरी है, जिनमें से केरल में ही कांग्रेस बेहतर स्थिति में है। लग रहा है कि लोग इस यात्रा से जुड़ रहे हैं, क्योंकि आज की तारीख में कोई भी नेता देश जोड़ने की बात नहीं कर रहा है। लेकिन इस यात्रा का असल प्रभाव उन हिंदी भाषी राज्यों में देखा जाएगा, जहां कांग्रेस अभी भी दूसरी बड़ी सियासी ताकत है। उधर भाजपा भी इस यात्रा को बहुत बारीकी से देख और बूझ रही है कि क्या राहुल देश की राजनीतिक धारा को बदल पाते हैं या नहीं। क्योंकि उनके अलावा बाकी विपक्ष देश के बजाए दलो को जोड़ने की बात कर रहा है। हालांकि समूचे विपक्ष का एका बहुत दूर की कौड़ी है, जिसे विश्वसनीयता की कागजी आंच पर पकाने की कोशिश हो रही है। अगले लोकसभा चुनाव के पहले कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों के नतीजे भी सत्तापक्ष और विपक्ष के राजनीतिक हौसलों पर असर डालेंगे। यह सही है कि राहुल बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई जैसे शाश्वत मुद्दे उठा रहे हैं, लेकिन इन्हें चुनावी मुद्दों में बदलना टेढ़ी खीर है। अगर वो ऐसा कर पाए तो बहुत बड़ी बात होगी। भारतीय राजनीति में जनता के दैनंदिन जीवन से जुड़े मुद्दे कभी चुनाव जिताऊ मुद्दों में तब्दील नहीं हो पाते। केवल एक बार 1971 में ऐसा हुआ कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' का लुभावना नारा देकर भारी बहुमत से लोकसभा चुनाव जीता, लेकिन उसके पीछे और भी दूसरे बहुत से कारण थे। दुर्भाग्य से यह हकीकत है कि जनता जिस पीड़ा को भोग रही होती है, वह वोट में बहुत कम अनूदित होता है। इसका कारण शायद यह है कि बहुसंख्य भारतीय वोटर वोट देते समय कई दूसरे तत्वों और आग्रहों को भी ध्यान में रखता है या बहकता है। भाजपा और आरएसएस यह बात बखूबी जानते हैं। लिहाजा अगले लोकसभा चुनाव का कोर मुद्दा क्या होगा और उसे कौन तय करेगा, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है। राहुल और कांग्रेस के पास ऐसा कोई गेम चेंजर मुद्दा दिखाई नहीं पड़ रहा। भाग्यवश ऐसा कोई मुद्दा हाथ लग जाए तो बात दूसरी है। देश के बहुसंख्यकों का बड़ा वर्ग मोदी और उनकी कार्यशैली का समर्थक है। इस स्थिति में जल्द कोई बदलाव होगा, ऐसा नहीं लगता। 'भारत जोड़ने' का राहुल गांधी का राजनीतिक लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है, जब बहुसंख्यक वोट मोदी मोह से टूटे और कांग्रेस के पास आए। केवल सदिच्छा राजनीतिक पथ पर बैटरी का काम तो कर सकती है, इंजन नहीं बन सकती। राहुल के पास उम्र का मार्जिन है, लेकिन वो देश का नेतृत्व पूरी प्रामाणिकता, संजीदगी और निरंतरता के साथ करना चाहते हैं, यह स्थापित हुए बगैर यह यात्रा अपने अभीष्ट को शायद ही प्राप्त कर पाए। इस यात्रा को अपने लक्ष्य से भटकाने की खुद कांग्रेस को जरूरत नहीं है। लोगों को जो और जितना समझना है, वो समझ रहे हैं।

## तमाम बंदिशों के बावजूद 1930 के दशक में ऐसे शुरू हुआ निजाम के विरुद्ध जनप्रतिरोध

हैदराबाद राज्य के 88ज्ञ् हिंदुओं पर निजाम और उनकी खाकसार पार्टी का दमन आरंभ हो चुका था। उस दमन चक्र में निजाम सेना, इत्तेहादुल मुस्लिमीन, रोहिले, पठान और अरब के लोग शामिल थे। यह उत्पीड़न वर्ष 1920 के बाद शुरू हुआ और लगातार बढ़ता ही गया। सन् 1938 में स्थिति और भी भयावह हो गई। हिंदुओं के लिए शिकायतें दर्ज कराने के मार्ग भी बंद कर दिए गए। अन्यायी निजाम राजशाही के विरुद्ध



निःशस्त्र प्रतिरोध करने के अतिरिक्त हिंदुओं के समक्ष कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था। हैदराबाद राज्य में हिंदुओं के लिए उस समय दो संस्थाएं काम कर रहीं थीं। पहली थी आर्य समाज और दूसरी थी 'हैदराबाद हिंदू सब्जेक्ट्स लीग' अथवा 'हिंदू सिविल लिबर्टीज यूनियन'। इनमें आर्य समाज की स्थापना धारूर गांव (जिला-बीड, महाराष्ट्र) में 1880 में और हैदराबाद के सुल्तान बाजार में 1892 में हुई थी। सन् 1911 तक राज्य में आर्य समाज की 40 शाखाएं खुल चुकी थीं जो वर्ष 1940 तक इनकी संख्या बढ़कर 250 हो गई और सदस्य संख्या लगभग चालीस हजार। भाई श्यामलाल, भाई बंशीलाल, पं. नरेंद्र, पं दत्तात्रय प्रसाद, केशवराव कोरटकर, श्री चंदूलाल, बैरिस्टर विनायकराव विद्यालंकार, वेदमूर्ति पं. श्रीपाद दामोदर सातवलेकर आदि आर्य समाज के नेताओं ने उस कठिन कालखंड में भी समाज सुधार के लिए काम और साथ ही शुद्धि और हिंदुत्व की रक्षा के लिए भी कार्य किया गया। (चंद्रशेखर लोखंडे, हैदराबाद मुक्ति संग्राम का इतिहास, श्री घूड़मल प्रह्लाद कुमार आर्य धर्मार्थ ट्रस्ट, हिंडोन, राजस्थान, 2004, पृ.35,49,55)। दिनांक 11-12 जून, 1921 को हैदराबाद के विजयवर्धिनी थिएटर में 'दक्षिण हैदराबाद राजनैतिक परिषद' का आयोजन किया गया। अन्य स्थानों पर ऐसे अधिवेशनों के आयोजन पर प्रतिबंध लगाया गया। हैदराबाद राज्य में अधिवेशनों पर पाबंदी होने से नवंबर 1926 और मई 1928 में राज्य की जनता की राजनीतिक मांगे रखने के लिए मुंबई और पुणे में अधिवेशन आयोजित किए गए। 27 अगस्त, 1931 को 'हैदराबाद राज्य राजनैतिक परिषद' का अकोला, विदर्भ, में अधिवेशन हुआ। परिषद में निजाम की प्रतिगामी नीतियों और उनमें सुधार के संबंध में प्रस्ताव पारित हुए। राज्य के बाहर कितनी परिषदें भविष्य में आयोजित की जाएंगी? राज्य की जनता स्वयं जब तक राज्य में आंदोलनरत नहीं होगी, तब तक अन्याय से उनको छुटकारा नहीं मिलेगा।

## यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना के पलायन के क्या है निहितार्थ क्या यूक्रेनी सेना के आगे पस्त हुआ रूस एक्सपर्ट व्यू

रूस यूक्रेन जंग के छह महीने पूरे हो चुके हैं। इस जंग से पूरी दुनिया प्रभावित हुई है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी महाशक्ति रूस एक छोटे से यूक्रेन को परास?त करने में सफल नहीं हो सका। रूसी सेना का मुकाबला कर रही है। यूक्रेन की राजधानी कीव से लेकर उसके दर्जन भर शहर रूसी सेना ने तबाह कर दिए हैं, लेकिन यूक्रेनी सेना के हौसले को नहीं पस?त कर सकी। अमेरिका व पश्चिमी देशों का दावा है कि इस अमेरिका अपनी मंसूबों में सफल रहा। 3- उन्होंनें कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने बहुत जल्दबाजी में युद्ध का निणय्र लिया। उन्होंने यूक्रेन समस्या के समाधान के लिए कूटनीति का रास्ता छोड़कर सीधे जंग पर उतारू हो गए। डा अभिषेक



अलबत्ता, रूसी हमले से यूक्रेन पूरी तरह से तबाह हो चुका है। यूक्रेन की आधी आबादी पलायन कर चुकी है, लेकिन यूक्रनी सेना ने अभी तक इस युद्ध में घुटने नहीं टेके हैं। ताजा खबर तो यह है कि रूसी सेना यूक्रेन से अब पलायन कर रही है। क्या रूसी सेना जंग हार चुकी है। क्या यूक्रेन इस जंग पर भारी पड़ रहा है। 1- 24 फरवरी को जब दोनों मुल्कों के बीच युद्ध शुरू हुआ था तब शायद किसी ने यह कल?पना नहीं किया होगा कि यह जंग इतने दिनों तक चलेगी। रूस की सेना यूक्रेन से पलायन करेगी। उस वक?त सबको यही उम्मीद थी कि यूक्रेनी सेना दस दिनों के अंदर आत?मसमर्पण कर देगी। हालांकि, युद्ध के छह महीने पूरे हो चुके हैं, यूक्रेनी सेना हौसले के साथ जंग में रूस को गंभीर सैन्य और आर्थिक क्षति पहुंची है। रूसी हथियार बुरी तरह तबाह हुए हैं और रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को इस जंग में तबाही को छोड़कर कुछ भी हासिल नहीं हुआ। 2- रक्षा मामलों के जानकार डा अभिषेक प्रताप सिंह का कहना है कि यूक्रेनी सेना के पीछे अमेरिका और पश्चिमी देश खड़े रहे। अमेरिका ने अपने अत?याधुनिक हथियारों की आपूर्ति यूक्रेन को किया है। वहीं पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियारों के अलावा हर तरह की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। यह युद्ध यूक्रेन और रूस के बीच नहीं होकर अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका व पश्चिमी देशों के बीच भी हो चुका है। अमेरिका ने यूक्रेन की मदद कर इस युद्ध को लंबा खींच दिया। उहोंने कहा कि कहते हैं कि अमेरिका भी यही चाहता था कि रूस आर्थिक रूप से और कमजोर हो, और यह तभी संभव था जब रूस और यूक्रेन के बीच जंग हो। इस युद्ध में रूस की भारी क्षति हुई है। इस युद्ध का असर उसके सैनिकों के मनोबल पर पड़ा है। इस जंग में रूस के कई बड़े हथियारों की पोल भी खुली है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपनी मंसूबों में पूरी तरह से सफल रहा। 4- उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं अमेरिका ने इस युद्ध के जरिए चीन को भी संदेश दिया है कि वह ताइवान पर युद्ध छेड़ने का इरादा छोड़ दे। रूस यूक्रेन जंग के नतीजों से यह साफ हो गया है कि यह जरूरी नहीं अमेरिका किसी जंग में सक्रिय रूप से शामिल होकर ही युद्ध के परिणामों को प्रभावित कर सकता है। वह अपने सैन्य सहयोग के बल पर युद्ध की दशा और दिशा बदलने में समर्थ है। यही कारण है नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा पर गरज रहा चीन शांत हो गया। वह नैंसी के विमान को गिराने की बात कर रहा था, लेकिन अमेरिका ने उसकी एक नहीं सुनी और अमेरिकी कांग्रेस अध?यक्ष की सकुशल ताइवान यात्रा हुई। 1- गौरतलब है कि यूक्रेन की सेना जिस रफ्तार से पूर्वी खारकीव क्षेत्र में आक्रामक होकर रूसी सैनिकों पर भारी पड़ रही है, उसकी वजह से यह युद्ध नई दिशा में पहुंच गया है। यूक्रेनी सैनिकों ने कई दर्जन कस्बों और गांवों को रूसी सेना से आजाद करा लिया है। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया था कि यूक्रेनी मिलिट्री ने 6000 स्क्वायर मीटर की जमीन रूस से वापस हासिल कर ली है। सिर्फ इतना ही नहीं उन्होंने रूसी सैनिकों का मजाक तक उड़ाया था। जिस रफ्तार से यूक्रेन ने रूस की सीमा के पश्चिमी हिस्से और लुहान्स्क के उत्तर में नियंत्रण हासिल किया है, उसके बाद कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। 2- कहा जा रहा है कि रूसी सैनिकों ने अपने बख्तरबंद वाहनों को छोड़कर भाग खड़े हुए। इतना ही नहीं रूसी सैनिकों की प्रतिक्रिया भी बड़ी निराश करने वाली थी। जंग के दौरान के जो रूसी सेना के वीडियोज सामने आए और यूक्रेनी सेना रिपोर्ट्स में जो कुछ कहा गया, उसके बाद ऐसा लगता ही नहीं था कि ये सैनिक किसी तरह की आक्रामकता का जवाब दे रहे थे। कुपियान्स्क और इजयुम में रूसी के सैनिकों ने कुछ ही मिनटों में आत?मसमर्पण कर दिया। मितरोखिन का कहना है कि ऐसा लगता है कि रूस ने जान-बूझकर इस इलाके से निकलने का फैसला किया था। जिस तरह के मानवबल और हथियारों का प्रयोग हुआ वह भी काफी निराश करने वाला था।

## संक्षिप्त समाचार

### एस बी आई होम लोन की ईएमआई में हो जाएगा बदलाव आपकी जेब पर कितना पड़ेगा असर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट में 70 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी कर दी है। एसबीआई की वेबसाइट पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार संशोधित दर अब फीसद हो गई है। नई दर आज से लागू कर दी गई है। प्राइम लेंडिंग रेट ;बीपीएलआरद्ध में बढ़ोतरी के अलावा बैंक ने भी आधार दर को भी बढ़ाक प्रतिशत कर दिया हैए जो आज से प्रभावी है। बेस रेट पर कर्ज लेने वाले कर्जदारों की ईएमआई राशि बढ़ जाएगी। इस बढ़ोतरी के बाद बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट 15 सितंबरए 2022 से 13ण्45 प्रतिशत हो जाएगी। इससे बीपीएलआर से जुड़े कर्ज का रीपेमेंट महंगा हो जाएगा। यानी एसबीआई से लिए गए आपके कर्ज की ईएमआई बढ़ जाएगी। इससे पहले बैंक की बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट बीपीएलआरद्ध फीसदी थी। पिछली बार जून में इसे संशोधित किया गया था। बैंक तिमाही आधार पर बीपीएलआर और आधार दर दोनों में संशोधन करता है। एसबीआई द्वारा उधार दर में संशोधन किए जाने के बाद आने वाले दिनों में संभावना है कि अन्य बैंक भी ऐसा कर सकते हैं। बता दें कि एसबीआई ने अपनी बेंचमार्क उधार दरों में वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बैठक से कुछ हफ्ते पहले ही की है आरबीआई की इस बैठक में मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए दरों में फिर से बढ़ोतरी की उम्मीद है। तय कार्यक्रम के मुताबिकए अगली तीन दिवसीय मौद्रिक नीति बैठक 28 सितंबर से 30 सितंबर के बीच होगी। बुधवार के कारोबार में एनएसई पर एसबीआई के शेयर के करीब बढ़कर रुपये प्रति शेयर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए। बीएसई पर बिकवाली के दबाव के बावजूद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों ने रुपये की ऊंचाई हासिल की। मार्केट के ट्रेंड को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में एसबीआई के शेयर और मजबूत हो सकते हैं।

### अक्टूबर के बाद फिर रफ्तार पकड़ेगा निर्यातय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बीते दो महीने से निर्यात में वृद्धि की रफ्तार थमी है। लेकिन निर्यातकों का मानना है कि अक्टूबर के बाद से फिर से निर्यात की रफ्तार तेज होगी और इसमें कम से कम 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। इस साल जुलाई में वस्तुओं के निर्यात में 2ण्14 प्रतिशत तो अगस्त में सिर्फ 1ण्6 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। अप्रैल से अगस्त के दौरान वस्तुओं के निर्यात में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस ;फियोद्ध के अध्यक्ष एण् शक्तिवेल ने बताया कि जुलाई से लेकर सितंबर तक सामान्य तौर पर निर्यात की गति धीमी रहती है। लेकिन कम मूल्य वाली वस्तुओं के निर्यात आर्डर फिर से मिलने लगे हैं। माल की ढुलाई पर होने वाले खर्च में 50 प्रतिशत तक की कमी आ गई है। अमेरिका और जापान चीन की जगह भारत से खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। शक्तिवेल ने बताया कि अक्टूबर के बाद फिर से निर्यात में कम से कम 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। चालू वित्त वर्ष 2022.23 के अंत तक वस्तु निर्यात कम से कम 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 470 अरब डालर तक पहुंच जाएगा।

# आर्किटेक्ट हरीश त्रिपाठी एंड एसोसिएट के प्रोजेक्ट एसटीपी आई मेरठ को आउटस्टैंडिंग कंक्रीट स्ट्रक्चर का अवार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएड।** कौशाम्बी में आयोजित कंक्रीट दिवस के वार्षिक समारोह में आर्किटेक्ट हरीश त्रिपाठी एंड एसोसिएट के प्रोजेक्ट एसटीपीआई मेरठ को आउटस्टैंडिंग कंक्रीट इंडिया मेरठ में डिजाइन किया है। इस प्रोजेक्ट को न सिर्फ रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है, बल्कि इसकी वास्तुकला बेहद ही शानदार और पर्यावरण के अनुकूल है। जिसके लिए ज्यूरी के सदस्यों ने पुरस्कार को एसटीपीआई की तरफ से एडिशनल डायरेक्टर बृजेश कुमार, एनपीसीसी की तरफ से डीपी सिंह, राकेश कुमार व एचपी सिंह, डी एंड आर कंसल्टेंट स्ट्रक्चरल कंसलटेंट की तरफ से




स्ट्रक्चर ऑफ वेस्टर्न उत्तर प्रदेश के अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसे प्रिंसिपल आर्किटेक्ट डॉ हरीश त्रिपाठी और प्रमुख इंटीरियर डिजाइनर ज्योति त्रिपाठी ने महानिदेशक राष्ट्रीय सीमेंट व भवन सामग्री डॉ बीएन महापात्रा के हाथों रिसीव किया। नोएडा सेक्टर 47 में रहने वाले प्रिंसिपल आर्किटेक्ट हरीश त्रिपाठी व प्रमुख इंटीरियर डिजाइनर ज्योति त्रिपाठी ने सॉफ्टवेयर टेकनेलॉजी पार्क ऑफ इसका बारीकी से निरीक्षण करने के बाद इस अवार्ड के लिए चुनाव किया। प्रिंसिपल आर्किटेक्ट डॉ हरीश त्रिपाठी ने बताया कि बिल्डिंग को ग्रीन कॉन्सेप्ट पर बनाया गया है और इसके लिए सारे इंतजाम किए गए हैं। प्रमुख इंटीरियर डिजाइनर ज्योति डी त्रिपाठी ने बताया कि आंतरिक सज्जा में भी पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके अलावा आउटस्टैंडिंग कंक्रीट स्ट्रक्चर ऑफ वेस्टर्न उत्तर प्रदेश रेवती रमन सिंह, मित्तल कंस्ट्रक्शन की तरफ से गौरव मित्तल व सृष्टि की तरफ से पंकज शर्मा ने रिसीव किया। इस मौके पर इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट वेस्टर्न यूपी सेंटर के चेयरमैन डॉ जीके साहू, यूसीएल के रीजनल हेड विपिन चौधरी, ज्योतिमन्य मोहंती, डॉ पीसी शर्मा, डॉ राजीव गोयल, एसके शर्मा, आर्किटेक्ट अमित गोयल, बबिका गोयल उपस्थित रहीं।

# भारत की अनदेखी कर पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ 16 को लेकर दी गई मदद पर क्या बोला अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के बाइडन प्रशासन ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान के पुराने 16 लड़ाकू विमान के रखरखाव के लिए करीब 45 करोड़ डालर के पैकेज को हरी झंडी दी थी। इसे लेकर भारत ने बाइडन प्रशासन के इस निणन्य पर सख्त ने 45 करोड़ डालर के सैन्य विमानों के रखरखाव के अपने फैसले का बचाव करते हुए यह बात कही। ज्ञात हो कि पाकिस्तान ने भारत की बालाकोट स्ट्राइक के बाद पलटवार करते हुए इसी लड़ाकू विमान एफ.16 का इस्तेमाल किया एक आतंकवाद विरोधी कार्रवाई का महत्वपूर्ण भागीदार है। हमारी लंबे समय से चली आ रही नीति के हिस्से के रूप में हम यूएस मूल के प्रेटफार्मों के लिए रखरखाव और निरंतरता के लिए पैकेज प्रदान करते हैं। प्राइस ने कहा कि पाकिस्तान



नाराजगी जताई थी। भारत ने दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू को अपनी नाराजगी के बारे में बता दिया था। भारत ने अमेरिका के इस फैसले की टाइमिंग को लेकर भी अमेरिका वेफ सामने सवाल उठाया था।अमेरिका ने पाक को यह राशि मुहैया कराकर पाकिस्तानी सेना को मजबूत करने की कोशिश की है। इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को बड़ा झटका लगा है। अपने फैसले का बचाव करते हुए अमेरिका ने कहा है कि एफ .16 कार्यक्रम तौर पर व्यापक अमेरिका.पाकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी अभियानों का समर्थन करने की अनुमति देगा। बाइडन प्रशासन था। 8 सितंबर को बाइडन प्रशासन ने पाकिस्तान को 4 साल में पहली बार बड़ी सुरक्षा सहायता प्रदान की गई है। इसके जरिए वर्तमान और भविष्य के आतंकवाद विरोधी खतरों से निपटने में मदद करने के लिए लड़ाकू विमान थ.16 के रखरखाव के लिए 45 करोड़ अमरीकी डालर की मंजूरी दी है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को अपने दैनिक समाचार सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि हमने हाल में कांग्रेस को पाकिस्तानी वायुसेना के एफ.16 कार्यक्रम के रखरखाव और सेवाओं के लिए 46 करोड़ डालर की प्रस्तावित विदेशी सैन्य बिक्री के बारे में सूचित किया था। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान कई मायनों में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। वह का एफ.16 कार्यक्रम व्यापक अमेरिका.पाकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह प्रस्तावित बिक्री एफ.16 बेड़े को बनाए रखते हुए वर्तमान और भविष्य के आतंकवाद विरोधी खतरों से निपटने के लिए पाकिस्तान की क्षमता को बनाए रखेगी। प्रवक्ता ने कहा कि अब यह एक बेड़ा हैए जो पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी अभियानों का समर्थन करने की अनुमति देता है। हम उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करेगा। 2018 में बाइडन के पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप ने अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क आतंकवादी समूहों पर नकेल कसने और देश में उनके सुरक्षित ठिकानों को खत्म करने में विफल रहने के लिए इस्लामाबाद को सुरक्षा सहायता में लगभग बिलियन को निलंबित कर दिया था।

# पूर्वी चीन में बंदरगाह ठप स्कूलों को भी बंद करने का आदेश आखिर वजह क्या है

**बीजिंग।** ज्रुचीववद डनपरूि चीन के पूर्वी प्रांत झेजियांग` मेंजमतद चतव अपदबम में अधिकारियों ने जहाजों को बंदरगाह पर लौटने देगा। शंघाई से 25 उड़ानों को किया गया रद्द चाइना सदर्न एयरलाइंस ने कहा कि उसने मंगलवार को शंघाई हवाईअड्डों पर 25 उड़ानें रद्द कर दी हैं और बुधवार




का आदेश दिया है। इसके साथ ही स्कूलों को बंद करने और आसपास के द्वीपों से पर्यटकों को निकालने के लिए भी कहा हैए क्योंकि इस साल के सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक तूफान बुधवार को आने वाला है। मंगलवार को तेज हुआ तूफान टाइफून मुइफा मंगलवार को तेज हो गया क्योंकि यह निंगबो और झोउशान के जुड़वां बंदरगाह शहरों की ओर बढ़ गयाए जो कागी के मामले में चीन के दूसरे सबसे व्यस्त बंदरगाह की रैंकिंग साझा करते हैं। राज्य मीडिया ने बताया कि चीन के साल के 12वें चक्रवात के वेनलिंग और शहरों के बीच दस्तक देने की उम्मीद हैए जिससे पूर्वी और दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो सकती है।आधिकारिक सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने कहा कि इसमें निंगबो और झोउशान के उत्तर में शंघाई का वाणिज्यिक केंद्र शामिल है। चीन के सबसे व्यस्त कंटेनर बंदरगाह शंघाई के पास 5 मीटर ;16 फीटद्ध तक की लहरें उठने की उम्मीद है।शंघाई इंटरनेशनल शिपिंग इंस्टीट्यूट ने कहा कि शंघाई मंगलवार शाम से यांगशान टर्मिनल और अन्य सहित अपने बंदरगाह के कुछ संचालन को निलंबित कर देगा और बुधवार सुबह सभी परिचालन को रोक को 11 और उड़ानें रद्द करने की योजना है। सरकारी टेलीविजन ने कहा कि झोशान के पास द्वीपों और पर्यटन स्थलों से लगभग 13ए000 लोगों को निकाला गया है।वाणिज्यिक जहाजों ने मांगी शरण राज्य मीडिया ने कहा कि लगभग 7,400 वाणिज्यिक जहाजों ने झोउशानए निंगबो और ताइझोउ सहित झेजियांग के बंदरगाहों में शरण मांगीए जबकि प्रांत भर में यात्री जहाज मार्गों को निलंबित कर दिया गयाए राज्य मीडिया ने कहा। तीनों शहरों और शंघाई की कुल आबादी 42ण्26 मिलियन है। झेजियांग सरकार ने जारी किए आदेश झेजियांग सरकार ने सभी मछली पकड़ने वाले जहाजों को दोपहर से पहले डॉक में लौटने का आदेश दिया। निंगबोए झोउशान और ताइझोउ ने बुधवार को स्कूलों को निलंबित करने का आदेश दिया। फ्लाइट डेटा प्लेटफॉर्म ने रायटर को बताया कि और के हवाई अड्डों पर सभी उड़ानें बुधवार के लिए रद्द कर दी गई हैं।मौसम अधिकारियों ने कहा कि मुइफा का केंद्र जियांगशान का झेजियांग शहर बपजल से लगभग 490 किमी मीलद्ध दक्षिण.पूर्व में था। केंद्रीय मौसम विज्ञान प्रशासन ने कहा कि जमीन से टकराने के बाद तूफान उत्तर.पश्चिम की ओर बढ़ेगा और धीरे.धीरे कमजोर होगा।

# रिपोर्ट में किया गया दावा. मनी लान्ड्रिंग व आतंकी फंडिंग से जुड़े 11 में से 10 लक्ष्यों में पाकिस्तान ने किया घटिया प्रदर्शन

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान भले ही आतंकी फंडिंग व मनी लान्ड्रिंग मामलों पर नजर रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ;एफएटीएफद्ध को अपनी झूठी दलीलों से बहकाने का प्रयास करता रहा होए लेकिन एफएटीएफ को वास्तविकता का ठोस अनुमान है। एफएटीएफ के एशिया.प्रशांत समूह ;एपीएफद्ध ने आतंकी फंडिंग व मनी लान्ड्रिंग मामलों पर अंकुश लगाने के प्रयासों से जुड़े 11 में से 10 लक्ष्यों में पाकिस्तान के प्रदर्शन को घटिया करार दिया है। पाकिस्तानी समाचार पत्र द डान की रिपोर्ट के अनुसारए एफएटीएफ के सिडनी 29 अगस्त से दो सितंबर के बीच पाकिस्तान का दौरा किया था। प्रतिनिधिमंडल ने यह पता लगाने का प्रयास किया था कि पाकिस्तान ने जून 2018 में एफएटीएफ के साथ उच्चस्तर पर तैयार की गई 34 सूत्री कायर्योजना का कितना अनुपालन किया है। इससे पहले टास्क फोर्स ने इस साल फरवरी में पाया था कि पाकिस्तान ने सभी 34 बिंदुओं पर काफी हद तक अमल किया है। लेकिनए टास्क फोर्स ने पाकिस्तान को औपचारिक रूप से ग्रे लिस्ट से बाहर करने से पहले देश का दौरा करने का फैसला किया था। ग्रे लिस्ट से बाहर होने पर पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय




स्थित क्षेत्रीय सहयोगी एपीजी ने अपने क्षेत्रीय सदस्यों की रेटिंग पर दो सितंबर तक एक अपडेट जारी किया था। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने 11 लक्ष्यों में से केवल एक में मध्यम स्तर का प्रयास दिखाया है। इसके तहत पाकिस्तान ने पर्याप्त सूचना देनेए वित्तीय जानकारी व प्रमाण उपलब्ध करने तथा अपराधियों व उनकी संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने में कुछ हद तक अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रदान किया है।रिपोर्ट के अनुसारए एफएटीएफ व एपीजी के 15 सदस्यीय संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने वित्तीय मदद हासिल करना आसान हो जाएगा। एफएटीएफ.एपीजी मूल्यांकन तंत्र के तहत यह रेटिंग बताती है कि किसी देश की कार्रवाई किस हद तक प्रभावी रही है। मूल्यांकन 11 लक्ष्यों के आधार पर किया गयाए जिनमें मनी लांड्रिंग व आतंकी फंडिंग के खिलाफ कार्रवाई प्रमुख थे। एपीजी ने कहा कि मनी लांड्रिंग व आतंकी फंडिंग पर अंकुश समेत 10 अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में पाकिस्तान का प्रदर्शन घटिया रहा। मालूम हो कि साउथ एशिया प्रेस की हालिया रिपोर्ट में पाकिस्तान की जालसाजी उजागर हुई है।

### विदेश मंत्री एसण् जयशंकर बोले. भारत चीन सीमा पर थोड़ी कम हुई समस्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत.चीन सीमा पर अब एक समस्या कम हो गई है। उनका संदर्भ गोगरा.हाटस्प्रिंग इलाके के पेट्रोलिंग प्वाइंट ;पीपीद्ध.15 से दोनों देशों की तरफ से तैनात अपने.अपने सैनिकों की वापसी को लेकर था। उन्होंने कहा कि पीपी.15 से सैनिकों की वापसी का काम पूरा हो गया है। जयशंकर यहां फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के साथ द्विपक्षीय बैठक करने के बाद संयुक्त तौर पर प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उनसे भारत.चीन के रिश्तों के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहाएश् भारत और चीन को लेकर मेरे पास नया कहने को कुछ नहीं है। अलबत्ता मैं मानता हूं कि सैनिकों की वापसी पूरी होने से एक समस्या हल हुई है।श् बताते चलें कि मईए 2020 से ही पूर्वी लद्दाख पर स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा ;एलएसीद्ध के पास भारत और चीन के बीच सैन्य तनाव चल रहा था।

# पूर्व पीएम इमरान खान को आतंकवाद मामले में मिली राहत

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ;प्उतंद ज्ञींदद्ध की अंतरिम जमानत याचिका 20 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। सोमवार को इमरान इस्लामाबाद की ;प्संउइंक ।ज्बद्ध लाया गयाए जहां वकील बाबर अवान द्वारा प्रस्तुत मामले की सुनवाई करने वाले न्यायाधीश राजा जावेद हसन अब्बास के नेतृत्व में कार्यवाही शुरू



एक आतंकवाद निरोधी अदालत में पेश हुए। उनके खिलाफ पिछले महीने राजधानी में एक रैली के दौरान पुलिसए न्यायपालिका और अन्य राज्य संस्थानों को धमकाने के लिए आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया था। इमरान खान को कड़ी सुरक्षा के बीच इस्लामाबाद एटीसी हुई। तीन नोटिस के बावजूद मामले की जांच के लिए इस्लामाबाद पुलिस द्वारा गठित एक संयुक्त जांच दल ;श्रप्ज्द्ध के सामने पेश नहीं होने पर खान पर एक संक्षिप्त तर्क के बादए अदालत ने सुनवाई को 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया और उस तारीख तक पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी के बाद की जमानत बढ़ा दी। पिछले महीने इस्लामाबाद में एक रैली के दौरानए 69 वर्षीय इमरान ने अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ हुए व्यवहार को लेकर शीर्ष पुलिस अधिकारियोंए चुनाव आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की धमकी दी थीए जिसे देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी पर भी आपत्ति जताई थीए जिन्होंने राजधानी क्षेत्र पुलिस के अनुरोध पर गिल की दो दिन की फिजिकल रिमांड को मंजूरी दी थी और कहा था कि उन्हें श्खुद को तैयार करना चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भाषण के कुछ घंटों बादए इमरान पर उनकी रैली में पुलिसए न्यायपालिका और अन्य राज्य संस्थानों को धमकाने के लिए आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आतंकवाद निरोधी अदालत ने 25 अगस्त को पीटीआई प्रमुख को एक सितंबर तक के लिए एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी थी। कोर्ट ने 1 सितंबर को जमानत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ा दी थी।

# अमेरिका में कम हो रहा है मंकीपाक्स का प्रकोपए लोगों से सावधानी बरतने की अपील

**न्यूयार्क।** अमेरिका में हाल ही के सप्ताह के दौरान मंकीपाक्स के मामलों की संख्या में धीरे.धीरे कमी आई है। सितंबर के पहले सप्ताह में इसके दर्ज मामलों की संख्या लगभग आधी है। मालूम हो कि अमेरिका में एक माह पहले मंकीपाक्स के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई थी। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अमेरिकी समाचार चैनल सीएनएन के मुताबिकए इस जानलेवा वायरस से कई लोगों की मौत हो गई है। हाल ही में लास एंजिल्स के काउंटी निवासी की मृत्यु हो गई थीए जिससे पता चलता है कि अमेरिका में अभी भी इसका प्रकोप जारी है। एसटीडी निदेशकों के राष्ट्रीय गठबंधन ; छंजपवदंस ब्वंसपजपवद क्पतमबजवतेद्ध के कार्यकारी



निदेशक डेविड हार्वे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंकीपाक्स के मामलों की संख्या में कमी होने की कुछ उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि हमें अभी भी इसके प्रकोप को बढ़ने से रोकने के लिए अपने प्रयास को और अधिक बढ़ाना है। इस वायरस से संबंधित कई ऐसे प्रश्न हैं जिनका अभी जवाब नहीं मिला है। यह वायरस अमेरिका में अपने आप को एक अलग तरीके से ही पेश कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि लास एंजिल्स में इस जानलेवा वायरस से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और लास एंजिल्स काउंटी अधिकारी इस वायरस से दूसरी मौत को देख रहे हैं। काउंटी के जन स्वास्थ्य विभाग की मुख्य चिकित्सा निदेशक रीता सिंघल ने बताया कि मौत किस वजह से हुई है इस बारे में जांच की जा रही हैए हालांकि प्रारंभिक जांच के दौरान कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं थे।

# दुबई के एक न्यूज पेपर को ईंधन की बढ़ी कीमतों पर खबर छापना पड़ा महंगाए प्रिंट एडिशन हुआ बंद

**दुबई।** सऊदी अरब में एक अखबार को बढ़ी हुई ईंधन की कीमतों को लेकर खबर छापना महंगा पड़ गया। आलम ये रहा कि कुछ ही हफ्तों में अखबार का प्रिंट संस्करण बंद कर दिया गया। साथ ही बड़ी तादाद में वहां काम करने वाले दर्जनों कर्मचारियों को एक झटके में बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। बताया जाता है कि संयुक्त अरब अमीरात के प्रेस कानूनों का बहुत ही सख्ती से पालन किया जाता है। फिर भी ईंधन की कीमतों को लेकर खबर को कानून के दायरे में ही माना गया। ईंधन की बढ़ी कीमतों को लेकर खबर



पर अखबार के अनुभवी संपादकों ने भी सहमति जताई थी। बावजूद इसके दुबई के अल रोया न्यूज पेपर को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। खबर छपने के कुछ ही दिनों में बड़े स्तर पर संपादकों से पूछताछ की गई। दर्जनों कर्मचारियों को निकाल दिया गयाए इस पर भी संतोष नहीं होने पर न्यूज पेपर को डिजाल्व कर दिया गया यानी बंद कर दिया गया। अखबार के प्रकाशकए अबू धाबी स्थित इंटरनेशनल मीडिया इन्वेस्टमेंट्स ने अपने एक बयान में सफाई दी कि अरबी भाषा के एक नए न्यूज पेपर को शुरू किया जा रहा है। जिसके चलते अल रोया का बंद किया गया है। उन्होंने बताया कि सीएनएन के साथ मिलकर अल रोया के परिवर्तित संस्करण को फिर से शुरू किया जाएगा। हालांकिए अखबार से बड़ी तादाद में कर्मचारियों को निकाले जाने की सीधे तौर पर जानकारी रखने वाले लोगों ने पुष्टि की है कि संयुक्त अरब अमीरात में गैस की बढ़ी कीमतों पर लेख छपने के कारण ही अखबार में छंटनी की गई है।


# ये हैं साल 2022 के टॉप 10 ओपनिंग वीकेंड, जानिए- ब्रह्मास्त्र की है क्या पोजिशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र ने ओपनिंग वीकेंड में वाकई इतिहास रच दिया है। हालांकि, रिलीज से पहले फिल्म को लेकर सोशल मीडिया में जिस तरह से बायकॉट अभियान चलाये जा रहे थे और रिलीज के बाद मिक्स्ड रिव्यूज मिले थे, उससे लगा नहीं था कि ब्रह्मास्त्र ओपनिंग वीकेंड में ऐसा कोई कारनामा कर सकती है पूर्वानुमानों के अनुसार, 9 सितम्बर को हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कनन्ड़ भाषाओं में रिलीज हुई ब्रह्मास्त्र ने रिलीज के तीन दिनों में लगभग 120 करोड़ कलेक्शन कर लिया है। अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र फैंटेसी के साथ माइथोलॉजी का मेल है। कुछ काल्पनिक दैवीय अस्त्रों के इर्द-गिर्द घूमती फिल्म में अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय ने प्रमुख किरदार निभाये हैं। ब्रह्मास्त्र एक मेगा बजट फिल्म है, जिसे सफल होने के लिए बड़े कलेक्शन की भी जरूरत है। ओपनिंग वीकेंड तो शानदार गया है, अब वर्किंग डेज में फिल्म की रफ्तार पर ट्रेड की नजरें बनी हुई हैं। फिल्म के लिए पहला हफ्ता काफी अहम है। ब्रह्मास्त्र ने साल 2022 में अभी तक रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्मों के बीच सबसे बड़े ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन का रिकॉर्ड कायम किया है। हालांकि, कनन्ड़ सिनेमा की ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सकी, जो ब्रह्मास्त्र की तरह पैन इंडिया रिलीज की गयी थी। केजीएफ 2 ने हिंदी समेत सभी भाषाओं में 143.64 करोड़ का नेट कलेक्शन रिलीज के तीन दिनों में ही कर लिया था। इस फिल्म में साउथ के सेंसेशनल स्टार यश ने लीड रोल निभाया था, जबकि संजय दत्त फिल्म में विलेन अधीरा के किरदार में थे। वहीं, रवीना टंडन ने एक अहम भूमिका निभायी थी। 2022 के टॉप 10 ओपनिंग वीकेंड कलेक्शंस इस प्रकार हैं अगर, इस लिस्ट में दी गयी फिल्मों पर गौर करें तो केजीएफ 2, आरआरआर, भूल भुलैया 2 और गंगूबाई काठियावाड़ी को छोड़कर सारी फिल्में ओपनिंग वीकेंड के बाद ढेर हो गयी थीं। इसीलिए, ब्रह्मास्त्र का पहले हफ्ते में रफ्तार कायम रखना जरूरी है। अगर फिल्म सोमवार को 15 करोड़ के आसपास जुटा लेती है तो इससे बेहतर कलेक्शन कि उम्मीद की जा सकती है।



# एक्ट्रेस मंदाकिनी ने सालों बाद किया खुलासा-कहा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साल 1985 में रिलीज हुई 'राम तेरी गंगा मैली' फिल्म से रातोंरात फेमस हुई एक्ट्रेस मंदाकिनी एक जाना माना नाम हैं। राज कपूर की इस फिल्म में मंदाकिनी ने कई बोल्ड सीन्स दिए थे, जिसने हर तरह तहलका मचा दिया था। फिल्म में मंदाकिनी ने कभी ट्रांसपेरेंट साड़ी पहन झरने में नहाया तो कभी पर्दे पर ब्रेस्टफीड करा कर दर्शकों को हैरान कर दिया था। इस दौरान में इस तरह के सीन्स फिल्मों में न के बराबर देखने के मिलते थे, ऐसे में मंदाकिनी के इन सीन्स ने हर किसी की सोचने पर मजबूर कर दिया था। वहीं, अब सालों बाद मंदाकिनी फिर से वापसी कर रही हैं। इसी बीच अब मंदाकिनी ने हैरान करने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि उस दौर में अभिनेत्रियों को केवल गानों और कुछ सीन के लिए ही लिया जाता था। मंदाकिनी ने हाल ही में फिर से कमबैक किया है। पिछले महीने उनका गाना 'मां ओ मां' रिलीज हुआ है। इस गाने में उनके बेटे राबिल ठाकुर ने डेब्यू किया। वहीं मंदाकिनी ने हाल ही में पिंकविला को इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में मंदाकिनी ने कहा, 'उस दौर में फिल्मों में अभिनेत्रियों की डिमांड ज्यादा नहीं होती थी। फिल्मों में एक्ट्रेसेस का यूज सिर्फ रोमांटिक सीन और गानों के लिए किया जाता था। हम जब फिल्मों में काम करते थे तो हमें पूरी फिल्म के लिए 1 से 1.5 लाख रुपये ही मिलते थे। इसी इंटरव्यू में मंदाकिनी ने आगे कहा, 'जब मेरे बच्चे बड़े हो तब मैंने फिर से अपने बारे में सोचना शुरू किया। मेरे दिमाग में एक ही बात चलती थी कि अब बच्चे बड़े हो गए हैं तो मैं एक्टिंग में वापसी कर सकती हूं।' इससे पहले भी मंदाकिनी ने अपने इंटरव्यू में करयिर और पर्सनल लाइफ को लेकर कई सारे खुलासे किए हैं।



# कंगना रनोट ने महिमा चौधरी को दी जन्मदिन की बधाई, लिखा- इस खूबसूरत लड़की को

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** परदेस गर्ल से फिल्मी दुनिया में मशहूर हुई एक्ट्रेस महिमा चौधरी आज अपना 49वां जन्मदिन मना रही हैं। महिमा चौधरी का जन्म 13 सितंबर 1973 को दार्जिलिंग में हुआ था। बहुत कम ही लोग जानते हैं कि महिमा चौधरी का असली नाम ऋतु चौधरी है। ऋतु से महिमा कैसे बनीं ये हम आपको बताते हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने जब फिल्मी दुनिया में कदम रखा तो उन्होंने नाम बदलने को कहा गया था, जिसके बाद से एक्ट्रेस का नाम हमेशा के लिए ऋतु चौधरी से महिमा चौधरी हो गया। जन्मदिन के इस मौके पर महिमा को दुनिया भर से बधाइयां मिल रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस कंगना रनोट ने भी उन्होंने बर्थडे विश किया है, जिसकी एक झलक उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। कंगना रनोट ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर महिमा चौधरी की एक फोटो शेयर कर उन्हें बर्थडे विश किया है, जिसके कैप्शन में लिखा है- इस खूबसूरत लड़की को जन्मदिन की बधाई, मैं आपके लिए ढेर सारा प्यार और जादू की कामना करती हूं। बता दें महिमा ने इस स्टोरी को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है और कैप्शन में रीपोस्ट लिखा है। फिल्मी पर्दे पर परदेस, धड़कन जैसी सुपरहिट फिल्में करने के बाद महिमा काफी समय से बॉलीवुड इंडस्ट्री से काफी दूर रही। अब एक्ट्रेस कंगना रनोट की फिल्म 'इमरजेंसी' से पर्दे पर वापसी कर रही हैं। इस फिल्म में महिमा पुपुल जयकर का किरदार निभाती नजर आएंगी। बता दें पुपुल, इंदिरा गांधी की करीबी दोस्त और विश्वसनीय रही हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस ने अपना लुक भी शेयर किया था। इसी साल एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि वो कैंसर जैसी बिमारी का शिकार हुई थी। उन्हें ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। इस दौरान महिमा चौधरी का पूरा लुक ही बदल गया था, जिसकी एक झलक एक्टर अनुपम खेर ने शेयर की थी। हालांकि अब एक्ट्रेस बिलकुल ठीक है और फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आएंगी।



# रणवीर सिंह ने कटरीना कैफ को लेकर विक्की कौशल पर किया कमेंट, कहा- 'ऐसी लड़की से शादी कर ली जो औकात से

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते हैं। दोनों न्यूली मैरिड कपल इन दिनों अपनी शादी को एंजॉय कर रहे हैं। दोनों ने अचानक शादी करके हर किसी को सरप्राइज कर दिया था। वहीं हाल ही में रणवीर सिंह ने फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के दौरान विक्की कौशल और कटरीना कैफ की जोड़ को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिसे सुनकर वहां मौजूद हर कोई सनन रह गया। यहां तक खुद कटरीना का एक्सप्रेशन देखने लायक था। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स नाइट को रणवीर सिंह ने होस्ट किया था। इस दौरान के कई मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए हैं। वहीं इसी इवेंट का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है। इस वीडियो में रणवीर एक्टर विक्की कौशल से जमकर मजाक करते नजर आ रहे हैं। रणवीर ने विक्की से मस्ती भरे अंदाज में उनकी शादी को लेकर कई सारे सवाल किए। लेकिन इसी बीच उनके मुंह से कुछ ऐसा निकला जिसे सुनकर वहां मौजूद सभी की हंसी छूट गई। बता दें कि फिल्मफेयर नाइट में विक्की अपनी पतनी कटरीना के साथ पहुंचे थे। यहां देखें वीडियो अवॉर्ड नाइट के सामने आए इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि रणवीर स्टेज पर होते हैं। वो विक्की से कहते हैं, 'विक्की हमारे लुक्स काफी मिलते हैं। दोनों टॉल डार्क एंड हैंडसम है। दोनों फेयरी टेल यानी कि सपनों की दुनिया में रह रहे हैं।' इसके बाद रणवीर कहते हैं, 'हम दोनों ही मम्मी के लाडले हैं। हम दोनों ही करण जौहर की फिल्म तख्त में एक साथ काम करने वाले थे क्योंकि क्योंकि हम दोनों के लुक्स एक जैसे हैं, हम दोनों टॉल, डार्क और हैंडसम हैं।इसके साथ ही रणवीर आगे कहते हैं, 'मैंने और विक्की दोनों ने दुनिया की सबसे खूबसूरत लड़कियों से शादी की। और जो हमारी औकात से बाहर हैं।' मैं समझ सकता हूं मुझे भी लोग रोज ऐसा ही बोलते हैं।' रणवीर के ये बात सुनकर वहां पर मौजूद सभी के साथ कटरीना और विक्की भी जोर-जोर से हंसने लगे।




# कंगना रनोट ने 'इमरजेंसी' से संजय गांधी का लुक किया रिवील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कंगना रनोट ने 'इमरजेंसी' से संजय गांधी का लुक किया रिवील, ये एक्टर निभाएगा प्रधानमंत्री के बेटे का किरदार कंगना रनोट ने मंगलवार को इमरजेंसी से विशाक नायर के किरदार का फर्स्ट लुक जारी किया है और उन्होंने कैप्शन में लिखा, ठपेश है टैलेंट के पावर हाउस विशाक नायर, राहुल गांधी के किरदार में। संजय, इंदिरा की आत्मा थे...जिसे उन्होंने प्यार किया और खो दिया।ठ यहां देखें विशाक नायर का फर्स्ट लुक,इमरजेंसी से कंगना रनोट अब तक कई अहम किरदारों के लुक जारी कर चुकी हैं। फिल्म में कंगना रनोट पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। उनके अलावा फिल्म में अनुपम खेर- जेपी नारायण, महिमा चौधरी- पुपुल जयकर, श्रेयस तलपड़े- अटल बिहारी वाजपेयी और मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका निभाएंगे।कंगना रनोट इमरजेंसी में एक्टिंग करने के अलावा फिल्म को निर्देशित भी कर रही हैं, उन्होंने फिल्म को लिखा भी है। जबकि, स्क्रिप्ट और डायलॉग रितेश शाह ने लिखा है। फिल्म का निर्माण कंगना के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर हाल ही में बात करते हुए कंगना रनोट ने संजय गांधी के किरदार के बारे में कहा था, ङ्कसंजय श्रीमती गांधी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण लोगों में से एक थे। इसके लिए मुझे किसी ऐसे शख्स की जरूरत थी जो मासूमियत के साथ ये भूमिका निभाए और साथ ही साथ चतुर भी हो। वह समान रूप से सक्षम और समान रूप से भावुक हो, जिसके कई रंग हो और वह भावनाओं के पूरे स्पेक्ट्रम को निभा सके।




# काजोल और अजय देवगन ने इस अंदाज में दी बेटे युग को जन्मदिन की बधाई



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**एक्टर अजय देवगन और काजोल बॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ-साथ एक अच्छे पेरेंट्स भी कहलाते हैं। काम के साथ परिवार के लिए भी काफी वक्त निकालते हैं, फिर चाहे वेकेशन पर जाना हो या फिर होम पार्टी ही क्यूं न करनी हो। अजय और काजोल हमेशा अपने बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा रहना पसंद करते हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते नजर आते हैं। इसी बीच अब दोनों ने अपने बेटे युग को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। काजोल और अजय ने सोशल मीडिया पर बेटे के लिए स्पेशल पोस्ट शेयर किया है। काजोल और अजय देवगन के बेटे युग देवगन आज यानी 13 सितंबर 2022 को पूरे 12 साल के हो गए हैं। पहले बात करते हैं अजय देवगन के पोस्ट की तो उन्होंने इंस्टाग्राम पर बेटे संग एक फोटो शेयर की है, जिसमे दोनों एक फाउंटेन के पास बैठे हुए हैं और दोनों एक दूसरे को प्यार से निहार रहे हैं। फोटो को शेयर करते हुए अजय ने लिखा है, ''जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा आपके साथ 'बढ़ना' है और पिता-बेटे वाली चीजों को करते हुए एक दिन को चुनते हैं। साथ में शो देखना, एक्सरसाइज करना, गपशप करना और टहलना। जन्मदिन मुबारक हो युग।तो वहीं काजोल ने भी बेटे युग संग एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में काजोल और युग एक यॉच पर नजर आ रहे हैं। उन्होंने प्यार से युग को अपनी बाहों में पकड़ा हुआ है। फोटो के कैप्शन में लिखा है, ''इस खुशनुमा पल की आपको जितनी तस्वीरें क्लिक करनी हैं, कर लीजिए। क्योंकिष्ठ .. आपको निश्चित रूप से जन्मदिन की पोस्ट के लिए उनकी (तस्वीरों) की जरूरत है। मेरे दिल की मुस्कान को जन्मदिन मुबारक हो। बता दें काजोल ने युग को 13 सितंबर 2010 में जन्म दिया था। अजय और काजोल ने साल 1999 में महाराष्ट्रियन रीति-रिवाज से शादी की थी।

# सलमान पर हुई कुर्बान, अक्षय को बनाया खिलाड़ी सालों की गुमशुदगी के बाद अब ओटीटी से वापसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के प्रसार के साथ बहुत से ऐसे कलाकारों के करियर रिवाइव हो गये हैं, जो पसंद के किरदार या ऑफर ना मिलने की वजह से ये पुराने सितारे पर्दे की चकाचौंध से दूर होते चले गये थे। ओटीटी की वजह से अब ये कलाकार एक बार फिर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं नब्बे के दौर में अक्षय कुमार की हीरोइन के रूप में चर्चित रहीं आयशा जुल्का, जो प्राइम वीडियो की वेब सीरीज हश हश से अदाकारी की दुनिया में लौट रही हैं। सलमान खान के साथ किया बॉलीवुड डेब्यू नब्बे के दशक में तेलुगु फिल्म नेति सिद्धार्थ से एक्टिंग डेब्यू करने वाली आयशा ने सलमान खान के साथ 1991 में आयी कुर्बान से हिंदी फिल्मों में अपना करियर शुरू किया था। 1992 में आयी खिलाड़ी में आयशा ने पहली बार अक्षय कुमार संग जोड़ी बनायी। अब्बास मस्तान निर्देशित यह फिल्म बड़ी हिट रही। अक्षय को इस फिल्म के बाद खिलाड़ी का टैग मिला तो आयशा को बड़ी सफलता की ओर पहला कदम। उस दौर में आयशा ने लगभग उस हर बड़े उभरते सितारे के साथ फिल्में की, जिन्हें आज सुपरस्टार का दर्जा हासिल है। सलमान और अक्षय के बाद आयशा आमिर खान के साथ जो जीता वही सिकंदर में नजर आयी थीं। यह फिल्म हिट रही थी। अगले कुछ साल आयशा काफी बिजी रहीं। 1993 में ही उनकी 10 फिल्में रिलीज हुई थीं, जिनमें से मिथुन चक्रवर्ती के साथ दलाल और अक्षय के साथ वक्त हमारा है हिट रहीं। नई सदी की शुरुआत के साथ आयशा का फिल्मी करियर डाउन होने लगा था और पर्दे पर उनकी मौजूदगी घटने लगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों के बढ़ने और मनमाफिक किरदार कम होने से आयशा इक्का-दुक्का फिल्मों में ही नजर आतीं। 2010 के बाद आयशा ने 8 साल का लम्बा ब्रेक किया और 2018 में अनिल शर्मा की फिल्म जीनियस से लौटीं और उसके बाद अब हश हश में दिखेंगी। सीरीज का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया जाएगा। यह एक ऑल वुमन सीरीज है, जिसमें मुख्य कलाकारों से लेकर क्रू तक, सभी महिलाएं ही हैं। जूही चावला, सोहा अली खान, करिश्मा तनन, कृतिका कामरा और शाहना गोस्वामी मुख्य किरदारों में नजर आएंगी।



# जेंडाया और एंड्रयू गारफील्ड ने खींचा सबका ध्यान भारतीय मूल के हिमेश पटेल भी रहे खास मेहमान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 74वें एमी अवॉर्ड्स की शाम शुरू होने से पहले सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने स्टाइलिश और क्लासी लुक से इवेंट की खूबसूरती में चार चांद लगाया। इनमें जेंडाया, एंड्रयू गारफील्ड, स्क्विड गेम फेम जंग हो योन, ली जंग जे और भारतीय मूल के हीमेश पटेल समेत कई बड़े स्टार्स शामिल रहे। एमी अवॉर्ड्स इस साल लॉस एंजिल्स में माइक्रोसॉफ्ट थिएटर में आयोजित किया गया है। रेड कार्पेट लुक में सबसे ज्यादा चर्चा एक्ट्रेस जेंडाया ने बटोरी। उन्होंने ब्लैक कलर के ऑफ-शोल्डर गाउन में इवेंट में शिरकत की और अपनी रॉयल वॉक के साथ रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। जेंडाया के लिए एमी 2022 इसलिए भी खास है क्योंकि वे एमी की अब तक की सबसे कम उम्र की नॉमिनेटेड प्रोड्यूसर हैं। यहां देखें जेंडाया का रेड कार्पेट लुक इस सितारों से सजी शाम में लिमिटेड या एंथोलॉजी सीरीज के लीड एक्टर के लिए नॉमिनेट एंड्रयू गारफील्ड ने अपनी एंट्री के साथ ही सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।रेड कार्पेट पर स्क्विड गेम के सितारे ली जंग जे और जंग हो येओन ने ग्लैमरस उपस्थिति दर्ज कराई, कोरियन सीरीज स्क्विड गेम को इस साल एमी में कई नॉमिनेशन मिले हैं। कैंब्रिजशायर में जन्मे भारतीय मूल के अभिनेता हिमेश पटेल भी एमी 2022 में पहुंचे। उन्होंने पहली बार एमी अवार्ड्स के लिए नामांकित लोगों की शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है। एम्मी लुक के लिए पटेल ने ब्लैक पैंट और ब्लैक शर्ट के साथ पैटर्न वाली जैकेट कैरी की।हिमेश पटेल को एचबीओ के स्टेशन इलेवन में उनके काम के लिए बेस्ट एक्टर लिमिटेड सीरीज या टीवी मूवी कैटेगरी में नामांकित किया गया है। वह शो में जीवन चौधरी की भूमिका निभा रहे हैं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।